* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 315



बलूचिस्तान के खुदरा बाजारों में चीनी की कीमतें रिकॉर्ड 220 पाकिस्तानी रुपये




## डुमरी में प्रचार थमा, अंतिम दिन सभी ने झोंकी ताकत

### मतदान कल, पोलिंग बूथ पर रवाना हुए मतदान कर्मी, पूरे क्षेत्र में सुरक्षा चाक-चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/गिरिडीह/रांची।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में होनेवाले उप चुनाव के लिए प्रचार अभियान रविवार शाम खत्म हो गया। मतदान मंगलवार को होगा। राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण यहां उप चुनाव कराया जा रहा है। मतगणना आठ सितंबर को गिरिडीह में होगी। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पूरे इलाके में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये गये हैं। रविवार को मतदान कर्मियों को संबंधित मतदान केंद्रों पर रवाना किया गया।

**छह प्रत्याशी हैं मैदान में**

डुमरी के चुनावी मैदान में कुल छह उम्मीदवार हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला आइएनडीआइए की ओर से खड़ी झामुमो की बेबी देवी और एनडीए की ओर से आजसू की यशोदा देवी के बीच है। बेबी देवी दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी हैं और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री भी हैं। यशोदा देवी के पति दामोदर महतो इलाके के कद्दावर नेता थे। इन दोनों के अलावा तीन निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं। इनमें कमल प्रसाद साहू, नारायण गिरी और रोशन लाल तुरी शामिल हैं। एआइएमआइएम की तरफ से अब्दुल मोबिन रिजवी भी किस्मत आजमा रहे हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन ने किया 12 किलोमीटर लंबा रोड शो



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को अपनी पार्टी और आइएनडीआइए की उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में रोड शो निकाला। इसमें सैकड़ों वाहनों का काफिला शामिल हुआ। करीब 12 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान सीएम के साथ प्रत्याशी बेबी देवी भी थीं। ड्राइवर की बगल वाली सीट पर बैठकर वह लगातार लोगों का अभिनंदन स्वीकार कर रहीं थीं। रोड शो में झारखंड के कई मंत्री भी शामिल हुए। सीएम के साथ खुली जीप पर गठबंधन में शामिल दलों कांग्रेस और राजद के नेता भी सवार थे। मुख्यमंत्री के साथ आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता और हफीजुल हसन मौजूद थे। सीएम ने हाथ में झारखंड मुक्ति मोर्चा का झंडा थाम रखा था। रोड शो के दौरान हेमंत सोरेन ने कई बार 'झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद' और 'जगरनाथ महतो जिंदाबाद' के भी नारे लगाये। मुख्यमंत्री खुली जीप में सवार थे और कभी हाथ जोड़कर, तो कभी हाथ हिलाकर मुस्कुराते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। एक दिन पहले ही महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में हेमंत सोरेन आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक में शामिल होने गये थे। वहां से लौटने के बाद वह हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचे। फिर कार में सवार होकर रोड शो के लिए निकल गये। कुलगो से शुरू हुए रोड शो ने 12 किलोमीटर की दूरी तय की। रोड शो सिमराडीह मोड़, डुमरी थाना, डुमरी चौक, बेरमो मोड़, बस पड़ाव, इसरी बाजार, रांगामाटी, लक्ष्मण मोड़ होते हुए चरकी टोंगरी गया। इस दौरान रास्ते में सीएम हेमंत सोरेन और बेबी देवी ने विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और 'विनोद बिहारी महतो जिंदाबाद', 'जगरनाथ महतो जिंदाबाद' के नारे लगाये। रोड शो में अलग-अलग ब्रांड की कारों के साथ-साथ सैकड़ों मोटरसाइकिल का भी काफिला चल रहा था। मंत्रियों के साथ सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद, डुमरी और जिला झामुमो के हजारों नेता और कार्यकर्ता बाइक पर सवार होकर रोड शो में शामिल हुए। रोड शो को देखने के लिए डुमरी से इसरी बाजार तक भारी भीड़ थी।

## डुमरी की जनता में परिवर्तन की चाहत : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जनता के रुझान से झामुमो में बौखलाहट है। इसलिए भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओं का अपहरण हो रहा है, उनके घरों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस-प्रशासन सत्ता पक्ष का टूल और एजेंट नहीं बने। निष्पक्ष चुनाव कराना उसकी जिम्मेवारी है। उपचुनाव के दिन किसी प्रकार की अप्रिय घटना के लिए राज्य प्रशासन जिम्मेवार होगा। रविवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ जनता के बढ़ते आक्रोश को उजागर किया। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव के प्रचार अभियान में उन्होंने सभी प्रखंड और मंडलों में जनसभा और संपर्क के माध्यम से सीधा संवाद किया, जिसमें यह बात स्पष्ट रूप से उभर कर आयी कि डुमरी की जनता में परिवर्तन की चाहत है। लोग हेमंत सरकार से निजात चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग पौने चार वर्षों की हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह बिगड़ी है। आम जनता को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसे राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। जनता को विश्वास हो चुका है कि हेमंत सरकार के रहते भ्रष्टाचार नहीं रुक सकता। विधि व्यवस्था के बारे में उन्होंने दो दिन पहले जमशेदपुर कोर्ट में घटी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पर उच्च न्यायालय को संज्ञान लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी उच्च न्यायालय ने झारखंड की विधि-व्यवस्था पर कड़ी टिप्पणी करते हुए निर्देश दिये थे। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था खराब तभी होगी, जब पुलिस कमजोर होगी। आज प्रदेश में पुलिस गलत कार्यों को बढ़ावा दे रही है, वसूली कर रही है, अपराधियों का संरक्षण कर रही है। यह जनता को महसूस हो गया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में लोहा, कोयला, पत्थर, बालू की लूट मची है और लूटनेवालों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से डुमरी उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी भरी मतों से चुनाव जीतेंगी और झारखंड में नया सवेरा आयेगा।

## सुदेश ने जनता के उत्साह को हर बूथ तक पहुंचाने का लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी उपचुनाव में प्रचार के अंतिम दिन आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जगह-जगह पदयात्रा निकाली और सभाओं में कार्यकर्ताओं, समर्थकों का उत्साह बढ़ाया। पदयात्रा में हजारों की संख्या में झंडा थामे कार्यकर्ता और ग्रामीण एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के समर्थन में नारे लगाते चलते रहे। इस दौरान 'जय आजसू और विजय आजसू' के नारे से पूरा इलाका गूंजता रहा। आजसू प्रमुख की अगुवाई में पहली पदयात्रा नावाडीह के कोदवाडीह मोड़ से कटघरा मोड़, नावाडीह चौक, ब्लॉक चौक तक निकली, जबकि दूसरी पदयात्रा नवाडीह की तेलो बस्ती में निकाली गयी। इनके अलावा तेलो और आलारगो में सभा की गयी। सभा में सुदेश महतो ने कहा कि जनता के उत्साह को हर बूथ तक पहुंचाना है। डुमरी उपचुनाव हमारे जनबल और सत्ता के धनबल के बीच है, जिसमें जीत निश्चित रूप से हमारे साथ मौजूद जनबल की होगी। जनबल पांच सितंबर को एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को वोट देने के लिए आतुर है। इससे डुमरी में भय समाप्त होगा और विजय स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की 70 पंचायतों का उन्होंने दौरा कर समाज के हर तबके से संवाद किया। जनता से सीधे जुड़ाव का मकसद साफ था कि झामुमो और उसकी सरकार के झूठ-फरेब के खिलाफ और विकास का रास्ता चुनने के लिए एक वातावरण तैयार किया जाये। 15 दोनों तक लगातार जनता से बनाये गये रिश्ते का असर जनता के चेहरे पर साफ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक गरीब और संघर्षशील परिवार की बहू-बेटी यशोदा देवी को जनता का समर्थन डुमरी के साथ पूरे राज्य में नयी राजनीतिक दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि डुमरी में परिवर्तन की बयार बह चुकी है। यहां यशोदा देवी को मंच से नहीं, पंच के बीच से चुना जा रहा है। यह समर्थन डुमरी में बदलाव का परिचायक भी है। उन्होंने कहा कि झामुमो धनबल और आतंक का हर हथकंडा अपनाने पर आमादा है। हम सभी को एकजुटता बनाये रखनी है। आठ सितंबर को डुमरी इस राज्य में परिवर्तन का संदेश लेकर उभरेगा।

## 2047 तक भारत विकसित देश बन जायेगा : मोदी

- भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता का नामो-निशान नहीं रहेगा
- कश्मीर और अरुणाचल में जी-20 बैठकें कराना हमारा अधिकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जायेगा। उस समय तक हमारी जिंदगियों में भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की कोई जगह नहीं रहेगी। उन्होंने कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में जी-20 बैठक कराने पर पाकिस्तान और चीन की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि हमें अपने देश के किसी भी हिस्से में बैठक करने का अधिकार है। पीएम मोदी ने ये बातें पिछले हफ्ते न्यूज एजेंसी को दिये इंटरव्यू में कही थीं। इस इंटरव्यू की जानकारी रविवार को सामने आयी। दरअसल, चीन और पाकिस्तान ने कश्मीर के कुछ इलाकों में जी-20 का एक इवेंट आयोजित करवाने पर आपत्ति जतायी थी। दोनों देशों ने कहा था कि कश्मीर विवादित क्षेत्र है। इसलिए यहां आयोजन नहीं होना चाहिए। इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा सवाल तब जायज होता, जब हम कश्मीर और अरुणाचल में बैठक कराने से बच रहे होते। हमारा देश इतना विशाल, खूबसूरत और विविधताओं से भरा है। जब देश में जी-20 बैठक हो रही है, तो यह स्वाभाविक है कि देश के हर हिस्से में बैठकें होंगी। इससे पहले 28 अगस्त को चीन ने एक मैप जारी कर अरुणाचल और अक्साइ चिन को अपना हिस्सा बताया था। पीएम मोदी के इस बयान को चीन की इस हरकत के जवाब के तौर पर भी देखा जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय तक दुनिया भारत को एक सौ करोड़ भूखे लोगों का देश मानती रही, लेकिन अब हम एक सौ करोड़ महत्वाकांक्षी मन और दो सौ करोड़ हुनरमंद हाथों का देश बन गये हैं। भारतीयों के पास आज ऐसे विकास की बुनियाद रखने का मौका है, जिसे अगले हजार साल तक याद रखा जायेगा। शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में हमने एक दशक से कम समय में पांच पायदानों की छलांग मारी है। जल्द ही भारत दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

## तमिलनाडु सीएम के बेटे ने सनातन धर्म का किया अपमान

- भाजपा बोली, यही आइएनडीआइए गठबंधन की असलियत
- कांग्रेस का बयान से किनारा, दिल्ली में एफआइआर दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की है। उदयनिधि ने कहा, मच्छर, डेंगू, फीवर, मलेरिया और कोरोना, ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। उदयनिधि तमिलनाडु के युवा मामलों के मंत्री भी हैं। उनके इस बयान से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। वहीं भाजपा ने कहा, इनकी हकीकत यही है। आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं को बताना चाहिए कि क्या वे इस बयान का समर्थन करते हैं।

उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एक वकील ने दिल्ली पुलिस में एफआइआर दर्ज करायी है। उदयनिधि ने सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, सनातन क्या है? सनातन शब्द संस्कृत से आता है। यह समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सनातन का अर्थ होता है स्थायी, यानी ऐसी चीज, जिसे बदला नहीं जा सकता। जिस पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता।

**बयान पर भड़के संत :** राम जन्मभूमि के प्रमुख पुजारी आचार्य सतेंद्र दास ने कहा कि सनातन धर्म को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं किया जा सकता है। यह धर्म सदियों से चला आ रहा है और सदियों तक चलता रहेगा।

**भाजपा ने गठबंधन को घेरा :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान ने कहा कि तमिलनाडु के कुछ लोगों की हकीकत सामने आ रही है। कुछ दिन पहले ही हमने काशी-तमिल समागम का आयोजन किया था और तमिलनाडु के हर गांव में भगवान जगन्नाथ की पूजा की जाती है। सनातन धर्म अमर है, ऐसे राजनीतिक बयानों से कुछ नहीं होने वाला। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि एमके स्टालिन आइएनडीआइए की मजबूत कड़ी हैं और उनका बेटा ऐसे बयान दे रहा है। यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी निंदा होनी चाहिए।

**कांग्रेस ने किया किनारा :** महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने कहा कि हमारा रुख स्पष्ट है। कांग्रेस न तो किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर टिप्पणी करती है और न ही इसमें विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हम किसी और के बयान की जिम्मेदारी नहीं ले सकते।

## न्यूज रील्स

### इसरो ने आदित्य एल-1 को अगली कक्षा में भेजा


बेंगलुरु। इसरो के वैज्ञानिकों ने रविवार को आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान की कक्षा बढ़ायी। अब यह पृथ्वी की 245 किमी गुणा 22459 किमी की कक्षा में आ गया है, यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 22459 किमी है। अब पांच सितंबर को दोपहर करीब तीन बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ायी जायेगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे। आदित्य को दो सितंबर को सुबह 11.50 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। लांचिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की 235 किमी गुणा 19500 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया था।

### प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया, 22 को जागेगा

बेंगलुरु। इसरो ने बताया है कि चंद्रमा पर घूम रहे प्रज्ञान रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है। इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क कर स्लीप मोड में सेट किया गया है। इसमें लगे दोनों पेलोड इल्सा और रंभा अब बंद हैं। इन पेलोड से डेटा लैंडर के जरिये पृथ्वी तक पहुंचा दिया गया है। रोवर की बैटरी भी पूरी तरह चार्ज है। रोवर को ऐसी दिशा में रखा गया है कि 22 सितंबर को जब चांद पर अगला सूर्योदय होगा, तो सूर्य का प्रकाश सौर पैनलों पर पड़े। इसके रिसीवर को भी चालू रखा गया है। उम्मीद की जा रही है कि 22 सितंबर को यह फिर से काम करना शुरू करेगा। चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो बिजली जेनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर यह प्रक्रिया रुक जायेगी। बिजली पैदा नहीं होगी, तो इसके पुर्जे भयंकर ठंड को झेल नहीं पायेंगे और खराब हो जायेंगे।

### असम के डॉ कन्नन को 2023 का मिला मैग्सेसे अवार्ड

नयी दिल्ली। असम के सिलचर में कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ आर रवि कन्नन को 2023 का रेमन मैग्सेसे अवार्ड दिया गया है। बड़े शहरों में कैंसर इलाज पर जहां 15 लाख रुपये तक खर्च होते हैं, वहीं सीसीएचआरसी में एक लाख रुपये में इलाज हो जाता है। यह सब डॉ कन्नन की कोशिशों के चलते संभव हो पाया है। इसलिए सर्जिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ आर रवि कन्नन को 'एशिया का नोबेल' कहे जाने वाला सम्मान दिया गया है। मूल रूप से चेन्नई के रहनेवाले डॉ कन्नन 21 साल पहले एक सेमिनार में हिस्सा लेने सिलचर आये थे, तब उन्हें पता नहीं था कि कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# जनतांत्रिक व्यवस्था को बदलने का महायज्ञ है एक देश एक चुनाव

## ■ मोदी सरकार के इस कदम से देश की राजनीति बदल सकती है

## ■ नयी तरह की राजनीति का सूत्रपात, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं

## ■ प्रशासनिक-आर्थिक नजरिये से है लाभदायक, कइयों के लिए अवसर भी

## ■ दुनिया के कई देशों में यही व्यवस्था है लागू, ताकि जनता को कष्ट न हो

आजाद सिपाही विशेष

केंद्र की मोदी सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर अहम कदम उठाया है। सरकार ने इस संबंध में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। बाकी सात सदस्य भी नामित कर दिये गये हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर यह 'एक देश, एक चुनाव' से क्या हो सकता है और इसका नफा-नुकसान क्या है। इसका मतलब है कि चुनाव पूरे देश में एक साथ होंगे। मौजूदा समय में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए हर पांच साल में चुनाव होते हैं। भारत जैसे संघीय शासन वाले देश के लिए 'एक देश एक चुनाव' अभी भले ही बहुत मुश्किल दिख रहा है, लेकिन यह हकीकत है कि आजादी के बाद के चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। इसके बाद से यह सिलसिला टूट गया, क्योंकि राज्यों की विधानसभाएं समय से पहले भंग की जाने लगीं। वैसे यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के कई देश, जिसमें ब्रिटेन भी शामिल है, आज भी 'एक देश-एक चुनाव' का सिद्धांत अपनाये हुए हैं। ब्रिटेन में तो स्थानीय निकाय के साथ संसद के निचले सदन, यानी हाउस ऑफ कॉमंस का भी चुनाव होता है। 'एक देश-एक चुनाव' प्रशासनिक और आर्थिक दृष्टिकोण से लाभदायक होगा, लेकिन राजनीतिक रूप से यह नुकसानदेह हो सकता है। हालांकि अब, जबकि मोदी सरकार ने इस दिशा में पहला कदम बढ़ा कर मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, तो इसका समेकित मूल्यांकन करना जरूरी हो गया है। क्या है 'एक देश-एक चुनाव' और क्या हैं इसके नफा-नुकसान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश-एक चुनाव' की संभावनाओं पर विचार करने के लिए आठ सदस्यीय समिति बनायी है। समिति सुझाव देगी कि क्या देश में एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराये जा सकते हैं। इस बीच, केंद्र सरकार ने 18-22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इन दोनों चीजों के एक साथ शुरू होने के बाद कयास लगने शुरू हो गये हैं कि क्या देश में एक बार फिर 'एक देश-एक चुनाव' की व्यवस्था लागू होगी। यह पहली बार नहीं है कि 'एक देश एक चुनाव' की बात हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे को कई बार उठा चुके हैं। चुनाव आयोग कई बार इस मुद्दे को उठा चुका है। केंद्र सरकार भी चुनाव आयोग, नीति आयोग और विधि आयोग से इस बारे में सवाल पूछ चुकी है। कई समितियां भी इसके पक्ष में अपने सुझाव सरकार को सौंप चुकी हैं। ऐसे में यह मुद्दा अचानक से सामने आया है, ऐसा भी नहीं है। अब चूंकि सरकार ने इसकी संभावनाओं की जांच के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में पैनल बनाया है, तो यह जानना जरूरी हो जाता है कि क्या 'एक देश-एक चुनाव' संभव है भी? अगर संभव है, तो क्या 2024 में ही इसे अमल में लाया जायेगा? क्या इसके लिए देश की सभी एजेंसियां तैयार हैं?

### क्या देश में एक साथ सभी चुनाव कराना संभव है

केंद्र सरकार ने साल 2015 में चुनाव आयोग, नीति आयोग और विधि आयोग से इस बारे में जानकारी मांगी थी कि क्या 'एक देश-एक चुनाव' संभव है? इसके बाद तीनों एजेंसियों ने अपने जवाब सरकार को सौंप दिये थे। इस विषय पर सभी एजेंसियों ने कहा था कि यह बिल्कुल संभव है। चुनाव आयोग ने कहा था कि इसके लिए संविधान में कुछ परिवर्तन करना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून में कुछ परिवर्तन करने होंगे। अतिरिक्त इवीएम और वीवीपैट खरीदने या बनवाने के लिए अतिरिक्त धनराशि देनी होगी और एक साथ चुनाव कराने के लिए जो मैनपावर चाहिए, जो फोर्स चाहिए, उसकी व्यवस्था करनी होगी। यह बात ध्यान देने लायक है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है। चुनाव आयोग और नीति आयोग विकल्प दे सकता है। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को साथ बैठ कर चुनना होगा कि किस सुझाव को माना जायेगा। इसमें एक सुझाव था कि जिन राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल ढाई साल से ज्यादा बीत गया है, उन्हें भंग कर दिया जाये। जिनका समय ढाई साल से कम हुआ है, उन्हें आगे बढ़ाया जाये और अगले चुनाव के साथ जोड़ा जाये। इसमें भविष्य को लेकर कुछ समस्याएं भी हैं। उदाहरण के लिए अगर किसी राज्य की विधानसभा या लोकसभा भंग हो जाती है, यानि मध्यावधि चुनाव की नौबत आयी, तो उसके लिए भी सुझाव दिये गये हैं। जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 के संबंधित प्रावधानों में संशोधन के बाद इस बार बात साफ हो जायेगी। हालांकि इस बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी कम ही मौजूद है।





### कानून में बदलाव की जरूरत

इस व्यवस्था को लागू करने के लिए कानून में बदलाव की जरूरत पड़ेगी, जिसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि सभी राजनीतिक पार्टियों में इसके लिए सहमति बने। सहमति के बगैर चुनाव आयोग पुराने ढर्रे पर ही चलने को मजबूर रहेगा। इसके लिए राज्यों की भी सहमति लेनी पड़ेगी, जिसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों की सहमति जरूरी है।

### साल 2024 में एक साथ चुनाव कराने में सबसे बड़ी समस्या

साल 2018 के आंकड़ों के मुताबिक, चुनाव आयोग के पास लगभग 25 लाख इवीएम-वीवीपैट हैं। फिलहाल इससे भी काम चल जाता है, क्योंकि अभी पूरे देश में एक साथ चुनाव नहीं होते हैं। अगर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की बारी आयेगी, तो हर मतदान केंद्र पर दो-दो इवीएम और दो-दो वीवीपैट एक साथ लगाने होंगे। इवीएम-वीपीपैट तुरंत ऑर्डर देने पर बनाये नहीं जा सकते। उसके लिए एक-दो साल का समय लगेगा। अभी जितने भी इवीएम-वीवीपैट हैं, उससे दोगुने यानि 50 लाख इवीएम-वीवीपैट की जरूरत होगी। इस सीमा तक पहुंचने में एक से दो साल लग जायेंगे। वहीं, उनकी ट्रेनिंग से लेकर हैंडलिंग तक बड़ी संख्या में मैनपावर की जरूरत होगी, जिसकी व्यवस्था करनी पड़ेगी।

### विधि आयोग की क्या है राय

'एक देश-एक चुनाव' को लेकर विधि आयोग ने साल 2018 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग ने रिपोर्ट में कहा था कि देश में बार-बार चुनाव कराये जाने से धन और संसाधनों की जरूरत से अधिक बर्बादी होती है। संविधान के मौजूदा ढांचे के भीतर एक साथ चुनाव करना संभव नहीं है। इसलिए कुछ जरूरी संवैधानिक संशोधन के सुझाव दिये गये हैं। विधि आयोग ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराये जाने से जनता का पैसा बचेगा, प्रशासनिक भार कम होगा और साथ में सरकारी नीतियां बेहतर तरीके से लागू होंगी। एक साथ चुनाव कराये जाने से स्टेट मशीनरी पूरे साल चुनाव की तैयारियों में जुटे रहने की बजाय विकास के कार्यों में जुट सकेंगी।

### क्या हैं चुनौतियां?

एक साथ चुनाव कराने की कई चुनौतियां भी हैं। इसके लिए राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को लोकसभा के साथ जोड़ने के लिए संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के साथ-साथ अन्य संसदीय प्रक्रियाओं में भी संशोधन करने की आवश्यकता होगी। एक साथ चुनाव कराने को लेकर क्षेत्रीय दलों को प्रमुख डर यह है कि वे अपने स्थानीय मुद्दों को मजबूती से नहीं उठा पायेंगे, क्योंकि राष्ट्रीय मुद्दे केंद्र में हैं। इसके साथ ही वे चुनाव खर्च और चुनाव रणनीति के मामले में राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में भी असमर्थ होंगे। साल 2015 में आइडीएफसी संस्थान की तरफ से की गयी स्टडी में पाया गया कि यदि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ होते हैं, तो 77 प्रतिशत संभावना है कि मतदाता एक ही राजनीतिक दल या गठबंधन को चुनेंगे। हालांकि, अगर चुनाव छह महीने के अंतराल पर होते हैं, तो केवल 61 प्रतिशत मतदाता एक ही पार्टी को चुनेंगे। देश के संघवाद के लिए एक साथ चुनावों से उत्पन्न चुनौतियों की भी आशंका है।

### देश के शुरुआती चार चुनाव हुए थे साथ

देश में आजादी के बाद लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। देश में पहली बार 1951-52 में पूरे देश में एक साथ चुनाव हुए थे। यह सिलसिला 1957, 1962 और 1967 के आम चुनाव तक चला। साल 1968 और 1969 में समय से पहले कई राज्यों में विधानसभाएं भंग हो गयीं। साल 1970 में लोकसभा भी भंग हो गयी। इसके साथ ही 'एक देश-एक चुनाव' का यह सिलसिला टूट गया। इसके बाद साल 1999 में विधि आयोग ने एक साथ चुनाव की सिफारिश की थी। साल 2015 में संसदीय समिति ने भी इसके लिए सुझाव दिया। इसके बाद केंद्र सरकार ने विधि आयोग, चुनाव आयोग और नीति आयोग से इस संबंध में राय मांगी थी।

### 'एक देश-एक चुनाव' के फायदे और नुकसान

'एक देश-एक चुनाव' के पक्ष में सबसे पहली बात तो यह है कि इससे पैसे और समय की बचत होती है। एक साथ चुनाव कराने से बहुत सारे पैसे बचेंगे, क्योंकि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग होनेवाले चुनाव समाप्त हो जायेंगे। यह समय भी बचायेगा, क्योंकि सरकार को पांच साल के भीतर कई चुनावी चक्र से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। ऐसे में सरकार को शासन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय मिलेगा। इसके अलावा एक साथ चुनाव मतदाताओं के लिए उम्मीदवारों को चुनना आसान बनायेगा, क्योंकि वे एक ही समय में राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के लिए मतदान करेंगे। इससे मतदाताओं को यह तय करने में मदद मिलेगी कि किसे वोट देना है। एक साथ चुनाव संघीय प्रणाली को मजबूत करेगा, क्योंकि यह राज्यों को राष्ट्रीय राजनीति में अधिक कहने का अधिकार देगा। यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि सभी राज्यों के हितों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व हो।

'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ जो बातें हो सकती हैं, उनमें पहला है एक साथ चुनाव कराना कठिन काम है। इतने बड़े देश में एक साथ चुनाव कराना मुश्किल होगा, क्योंकि इसके लिए संविधान में संशोधन और केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की आवश्यकता होगी। यह एक जटिल और समय लेनेवाली प्रक्रिया होगी। एक साथ चुनाव मतदान में गिरावट का कारण बन सकता है, क्योंकि लोग अपने स्थानीय प्रतिनिधियों के लिए मतदान नहीं कर रहे होंगे, तो वे कम प्रेरित हो सकते हैं। यह एक वैध चिंता है और इसे एक साथ चुनाव लागू किये जाने पर सावधानी से संबोधित करने की आवश्यकता होगी। इससे राष्ट्रीय दलों को फायदा हो सकता है। राष्ट्रीय दलों के पास क्षेत्रीय दलों की तुलना में अधिक संसाधन, नाम और पहचान है। यह उन्हें एक साथ चुनावों में फायदा दे सकता है, क्योंकि वे अधिक प्रभावी ढंग से प्रचार कर सकते हैं।

### दुनिया के कई देशों में 'एक देश-एक चुनाव' प्रणाली

भारत में 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर चर्चा तेज हो गयी है, तो बताते चलें कि यह व्यवस्था दुनिया के कई देशों में पहले से लागू है। स्वीडन में संसदीय चुनाव के साथ ही काउंटी और म्यूनिसिपल इलेक्शन होते हैं। साउथ अफ्रीका, होंडुरस, स्पेन, स्लोवेनिया, अल्बानिया और पोलैंड में भी यही व्यवस्था है। ब्रिटेन में हाउस ऑफ कॉमंस, लोकल इलेक्शन और मेयर इलेक्शन एक साथ होते हैं, तो इंडोनेशिया में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव। इनके अलावा जर्मनी, फिलीपींस, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया, कोस्टारिका, ग्वाटेमाला, गुआना, और बेल्जियम जैसे देशों में भी 'एक देश-एक चुनाव' सिस्टम काम करता है।

आखिरकार, एक साथ चुनाव कराने या न कराने का निर्णय एक राजनीतिक निर्णय है। सरकार को पक्ष और विपक्ष को सावधानी से तौलने की आवश्यकता होगी। इससे पहले कि वह कोई निर्णय ले, इस विषय पर सभी राजनातिक पार्टियों का साथ आना भी जरूरी है। हालांकि आगामी लोकसभा चुनाव यानि 2024 से ही इसे लागू कर दिया जाये, फिलहाल ऐसा होता संभव नहीं दिख रहा है।

---

# पूर्व सीएम रघुवर दास के विकास कार्यों में सरयू राय ने लगाया वित्तीय अनियमितता का आरोप!

**कहा-जिन मामलों में पूजा सिंघल जेल में हैं, रघुवर सरकार ने उसमें उन्हें क्लीन चिट दे दी थी, इडी जांचे**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर सरयू राय ने वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया। उन्होंने रघुवर दास द्वारा अपने मद से किये गये विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि रघुवर दास जब विधायक थे, तो सूर्य मंदिर समेत कई मंदिरों का उन्होंने सौंदर्यीकरण तथा नये भवन बनाने का काम किया है, लेकिन मैं यहीं जमशेदपुर के शंख मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए अनुशंसा की, तो उन्होंने इसे धार्मिक रंग देने की कोशिश शुरू की है। विकास कार्यों में वह गतिरोध उत्पन्न कर रहे हैं। सरयू राय ने कहा कि मैं जब शंख मैदान में गया तो देखा की जमीन पर शंख रखा हुआ है। इसलिए मैंने उस मैदान का सौंदर्यीकरण और शंख के लिए उपयुक्त चबूतरा बनाने की अनुशंसा की थी, ताकि उस मैदान का सौंदर्यीकरण कार्य करते हुए उसमें वोटिंग आदि की सुविधा बहाल कर उसे आकर्षक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने शासनकाल में जिन जगहों पर विधायक मद की राशि खर्च की है, उन जगहों पर विकास हुआ ही नहीं है और ना ही भवन का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि 2015 से घोटाले शुरू हुए हैं, खनन विभाग, मनरेगा में घोटाला रघुवर सरकार से ही शुरू हुआ है।

**रघुवर दास के शासन काल में हुए कार्यों की भी जांच हो**

सरयू राय ने कहा कि 2020 के पूर्व की योजनाओं में भी इडी ने गड़बड़ी पायी है, जबकि मनरेगा योजना में गड़बड़ी मामले में रघुवर दास ने पूजा सिंघल को क्लीनचिट दे दी थी। उन्होंने कहा कि आज इन्हीं मामलों मे हेमंत सोरेन से कई बार पूछताछ की गयी, लेकिन जब इडी को जानकारी है कि गड़बड़ी 2015 से शुरू है, तो रघुवर दास के शासन काल में हुए कार्यों की भी जांच हो।

# डीएसपी राजेंद्र दुबे से इडी आज करेगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में इडी डीएसपी राजेंद्र दुबे से सोमवार को पूछताछ करेगी। इडी ने बीते 21 अगस्त को डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेज कर 4 सितंबर को इडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले बीते 9 दिसंबर 2022 को इडी ने उनसे करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

**अपनी गलती को डीएसपी ने किया था स्वीकार**

मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार उससे संपर्क में थे। इडी के समक्ष राजेंद्र दुबे ने कबूला है कि वह रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे। वहीं लगातार उनसे फोन पर बात की थी। राजेंद्र दुबे ने बताया है कि पंकज मिश्रा और अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही इडी के गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

**संपत्ति, बैंक खातों के डिटेल्स इडी ने मांगे**

इडी को यह जानकारी मिली है कि पंकज मिश्रा के रसूख का इस्तेमाल कर राजेंद्र दुबे ने भी काफी संपत्ति अर्जित की है। इडी ने डीएसपी से उनके और उनके रिश्तेदारों के जमीन,बैंक सहित कई तरह के कागजातों की डिमांड की है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

### तीन पत्थर कारोबारियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

रांची। साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के अवैध पत्थर उत्खनन मामले में तीन पत्थर कारोबारियों पर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। जिन पर आरोप पत्र दाखिल किये गये हैं, वे पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा, भगवान भगत और टिंकल भगत हैं। आरोप पत्र इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में दाखिल किया गया। साहिबगंज अवैध खनन मामले में तीनों को इडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 5 जुलाई को इडी ने कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। उससे इडी ने लगभग 10 घंटे पूछताछ की थी। वहीं भगवान भगत और टिंकल भगत को इडी ने 7 जुलाई को गिरफ्तार किया था। एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। अवैध पत्थर उत्खनन मामले में गिरफ्तार तीनों कारोबारियों को बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। बताया जाता है कि ये लोग पत्थर खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाते थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 32.6 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 04 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


**बाबूलाल का आरोप : झामुमो हताशा में उठा रहा कदम**

# डुमरी में झामुमो समर्थकों ने किया दो भाजपा कार्यकर्ताओं का अगवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि डुमरी के जरीडीह में झामुमो के समर्थक भोला सिंह और तापेशवर सिंह ने भाजपा के दो कार्यकर्ताओं का अपहरण कर लिया है। जिन दो कार्यकर्ताओं का अगवा किया गया है, उनके नाम मथुरा सोरेन और जयप्रकाश मंडल हैं। अब तक उन्हें छोड़ा नहीं गया है।

बाबूलाल ने कहा कि इसे लेकर उन्होंने डीजीपी से बात की है और एक्शन लेने को कहा है। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी भारी मतों से जीत रही हैं। वहां की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। झामुमो यह जान कर हताशा में ऐसे कदम उठा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। बाबूलाल मरांडी रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे।



**डुमरी उपचुनाव में धांधली हुई तो एनडीए के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे**

बाबूलाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि डुमरी में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो। अगर चुनाव में कोई धांधली या गड़बड़ी करने को कोशिश करेगा, तो भाजपा-आजसू के लोग भी कमजोर नहीं हैं। ऐसे में अगर कोई अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदार राज्य सरकार होगी।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को धमकी दी

बाबूलाल ने कहा कि डुमरी में झामुमो के गुंडे और पुलिस-प्रशासन मिल कर भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं। सरायटांड गांव के ग्रामीणों ने बताया कि झामुमो के लोगों ने गांव में आकर धमकी दी है कि अगर केला छाप (आजसू पार्टी) को वोट दिया, तो राशन-पानी बंद कर दिया जायेगा। इससे लोग डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो को इस चुनाव में जनता नकार चुकी है। यह बात जान कर झामुमो वहां भय और आतंक का माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है।

**पलटवार : जेएमएम का बाबूलाल मरांडी पर हमला**

# धनतंत्र पर जनतंत्र की जीत होगी, हार से डर कर बाबूलाल लगा रहे अनर्गल आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को निशाने पर लिया। पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में इस बार धनतंत्र के भाजपा, एनडीए को आड़े हाथों लेते कहा कि लोकतंत्र में पैसे, प्रलोभन, छलावा से चुनाव नहीं जीता जाता। जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीता जाता है। उन्हें खुशी है कि डुमरी की जनता का आशीर्वाद स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के साथ है।

बाबूलाल पर हमला बोलते हुए कहा कि पता नहीं क्यों, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी डर जाते हैं? वह अनर्गल बातें करने लगते हैं। उन्होंने दो लोगों के अपहरण की बात कही है। इस संदर्भ में डीजीपी से उन्होंने बातचीत की है, यह भी कहते हैं। पर किस थाने में इस अपहरण की सूचना दी गयी, ये बता नहीं पाते। जिनकी बातें की जा रही हैं, उसको सत्यापित भी नहीं कर पाते। मतलब अजीब विडंबना है।



**झारखंड की अस्मिता को प्रभावित करनेवाले मगरमच्छ के आंसू बहा रहे**

सुप्रियो ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में उनके तीन-तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा कसरत करने के बावजूद लोग उन्हें रिजेक्ट कर रहे हैं। जन-प्रतिरोध इतना है कि जगह छोड़ कर भाग जा रहे हैं। ये लोग केवल कागजों पर कह कर लोगों के बीच भ्रम फैला रहे हैं। पैसे देकर उम्मीदवार खड़े करनेवाले, पैसे देकर प्रचार करनेवाले, लोगों के बीच में जातीय और सांप्रदायिकता का विद्वेष फैलानेवाले, ओबीसी के आरक्षण को घटानेवाले, झारखंड की अस्मिता को प्रभावित करनेवाले, इन दिनों मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं।

### देश के संविधान को ही ये बदलना चाहते हैं

सुप्रियो के मुताबिक वह चाहते थे कि विपक्ष चटक हो, पर दुर्भाग्य है कि यहां विपक्ष भयभीत है, डरा-सहमा हुआ है, इनका किसी चीज पर विश्वास ही नहीं है। इन दिनों वन नेशन-वन इलेक्शन की बातें कर रहे हैं। 2019 में उन्होंने देखा कि ओड़िशा में लोकसभा और विधानसभा दोनों जगहों पर बीजू जनता दल ने बाजी मार ली, आंध्रप्रदेश में दोनों जगहों पर रेड्डी की पार्टी बाजी मार कर इनका सुपड़ा साफ कर इनकी हवा ही निकाल दी। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम में भी इस बार ये साफ होने जा रहे हैं। तब इनका पैंतरा बदल गया। दरअसल ये वन नेशन-वन इलेक्शन के नाम पर बाबा साहेब के संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। ये देश के संविधान को ही बदल देना चाहते हैं। संवैधानिक प्रावधानों को समाप्त कर देना चाहते हैं। चुनावी हार इनको डरा रही है। अनर्गल बातें करना, अनर्गल प्रलाप करना इनकी फितरत में है। सुप्रियो ने कहा कि अभी भी समय है, ये अपने में बदलाव लायें, अपने आचार-व्यवहार में बदलाव लायें। भारत के फेडरल स्ट्रक्चर को तोड़ने से बाज आयें।

सुप्रियो के मुताबिक 5 सितंबर को डुमरी विधानसभा में मतदान होना है। संयोग से उस दिन शिक्षक दिवस भी है। शिक्षा के क्षेत्र में जगरनाथ महतो ने काफी काम किया था। उन्हीं की देखरेख में शिक्षा के क्षेत्र में मौलिक-प्रगतिशील कार्य किये जा रहे थे। आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि उनके कार्यों को देखते हुए वहां की जनता बेबी देवी को विजयी बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन,जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **वृष** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, विरोधियों पर विजय, आपको कोई नया कार्य मिल सकता है।
- **मिथुन** — सामाजिक-राजनीतिक संपर्क प्रभाव का लाभ मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
- **कर्क** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **सिंह** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **कन्या** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।
- **वृश्चिक** — लोकप्रियता का विस्तार, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **मकर** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ।
- **मीन** — नयी आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**राज्य समन्वय समिति ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, कहा-**

# विधेयक लौटाने में संविधान की हुई अनदेखी, विधेयकों को फिर से भेजें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य समन्वय समिति के सदस्यों ने आज राजभवन जाकर विधानसभा से पारित विधायकों को राजभवन से लौट आए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। समन्वय समिति की ओर से विनोद कुमार पांडे, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, फागू बेसरा और योगेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। सौंपे गये ज्ञापन में समन्वय समिति की ओर से राजभवन को बताया गया कि विधेयक लौटाने में संविधान की अनदेखी हुई है।

### संविधान के अनुरूप नहीं विधेयक वापसी

समन्वय समिति ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के आदिवासी और मूलवासी के हक की रक्षा के लिए और झारखंडी अस्मिता एवं पहचान बनाये रखने के लिए तीन महत्वपूर्ण विधेयक विधानसभा से पारित कर राजभर को भेजे, लेकिन राज्यपाल सचिवालय द्वारा कुछ एक बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कर इन्हें सरकार को लौटा दिया गया।

राजभवन की ओर से विधायकों को लौटाते वक्त यह नहीं बताया गया कि इन विधेयकों में किस तरह की आपत्ति है। ऐसा ना कर राजभवन सचिवालय की ओर से संविधान के अनुच्छेद 200 की अनदेखी की गयी है।



### दिये कई पूर्व के उदाहरण

समन्वय समिति के सदस्यों ने ज्ञापन के साथ पूर्व के राज्यपाल सैयद शिब्ते रजी और द्रौपदी मुर्मू द्वारा लौटाये गये विधायकों के साथ पत्र के रूप में दी गयी टिप्पणी भी राजभवन सचिवालय को सौंपा। समन्वय समिति की ओर से बताया गया कि पूर्व में जो विधेयक लौटाये गये उस समय तत्कालीन राज्यपाल ने अपनी आपत्ति बिंदुवार बतायी थी। समिति की ओर से राजभवन से आग्रह किया है कि संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत जो बातें कही गयी हैं उसी के अनुरूप फिर से तीनों विधायकों को वापस किया जाये ताकि सरकार इन तीनों विधायकों को विधानसभा से फिर से पारित कर स्वीकृति के लिए राज भवन को भेज सके।

### विधानसभा का विशेष सत्र भी करेंगे आयोजित

अपने ज्ञापन में समन्वय समिति ने कहा है कि राज्य सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के हित में इन विधायकों को फिर से विधानसभा से पारित कराकर कानून रूप देना चाहती है। ऐसे में अगर जरूरत पड़ी तो विधानसभा का विशेष सत्र भी सरकार बुला सकती है।

### इन विधेयकों को लेकर सौंपा ज्ञापन

झारखंड राज्य सामान्य में समिति की ओर से जिन विधायकों को लेकर राज भवन में ज्ञापन सौंपा गया है उसमें झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022, झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधायक 2022 और झारखंड भीड़ हिंसा एवं भीड़ लिंचिंग निवारण विधायक 2021 शामिल है।

# गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती चुनावी स्टंट : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लूट एनडीए के डीएनए में है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर और गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की। फिर वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता के दर्द का अहसास हुआ। अचानक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपये कम कर दी।

रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है। पिछले नौ वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गयी है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ा कर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है। उन्होंने जनता की जेब से 8,33,640.76 रुपये से ज्यादा की लूट की। कीमत में अचानक से कमी करना चुनावी स्टंट से कम नहीं है।



**2014 की तुलना में गैस अब भी महंगी**

केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गयी है कि प्यास से गला सूख जाये, फिर दो बूंद पानी पिला कर कहो कि सबको पानी मिल गया है, प्यास से राहत मिल गयी है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में ईंधन में टैक्स द्वारा मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी की है। 2014 से अब तक मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में 185 प्रतिशत की वृद्धि की गयी। अभी घटाया कितना, मात्र 17.5 प्रतिशत। 2014 की तुलना में अब भी गैस सिलेंडर 167.5 प्रतिशत महंगा है। आम जनता के खरीदने की क्षमता के अनुसार हमारे देश में दुनिया में सबसे महंगा सिलेंडर बिक रहा है।

### बढ़ती महंगाई, चिंता का विषय

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है। महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है। फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। पेट्रोल 100 के पार, डीजल 95 पार, रसोई गैस 960 रुपये, खाने का तेल 200 रुपये के पार है। आम जनता बेबस और लाचार है, पर मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है। मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत सात साल में 258 परसेंट बढ़ाया है और डीजल पर 820 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है।

### कांग्रेस में शामिल हुए प्रोफेसर राजकिशोर

इस दौरान मारवाड़ी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, महासचिव शिव कुमार भगत एवं रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।

# 23 और 24 सितंबर को चेंबर का आम चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शनिवार को अपनी वार्षिक आमसभा और 2023-24 सत्र के चुनाव की घोषणा की। जानकारी देते हुए ललित केडिया ने बताया कि 22 सितंबर को चेंबर भवन में बैठक आयोजित की जायेगी। इसके साथ सत्र 2023-24 का चुनाव 23 और 24 सितंबर को होगा। 23 सितंबर को कोल्हान, संताल परगना और कोयलांचल प्रमंडल में कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का मतदान एक साथ होगा।

इस क्षेत्र के चेंबर के सभी डायरेक्टर सदस्य अपने क्षेत्र में ही कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चयन करेंगे। शेष तीन प्रमंडल (पलामू, साउथ छोटानागपुर और नॉर्थ छोटानागपुर) के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव 24 सितंबर को बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम, मोरहाबादी में होगा। मतगणना 24 सितंबर को मतदान स्थल पर ही की जायेगी। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया ने कहा कि फेडरेशन के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए और तीन प्रमंडलों के सदस्यों की मांग पर ही इस बार के तीन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव रांची से बाहर के प्रमंडलों में कराया जा रहा है। 23 सितंबर को तीन प्रमंडलों में होनेवाला चुनाव सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बैलेट पेपर से होगा। सभी बैलेट पेपर सील करके उसी दिन रांची ले आया जायेगा। सभी मतों की गिनती 24 सितंबर को की जायेगी। इसके साथ रांची में कार्यकारिणी समिति का चुनाव कंप्यूटर के माध्यम से होगा।



### नामांकन 11 से 13 सितंबर तक

को-चेयरमैन पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 13 सितंबर तक चुनावों के लिए नामांकन दाखिल किया जायेगा। नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 सितंबर को संध्या 4 बजे तक निर्धारित की गयी। वर्तमान में चैंबर की सदस्यता संख्या 3798 है, जिसमें कुल 3534 आजीवन सदस्य, 169 जनरल मेंबर, 83 संबद्ध संस्था, 2 पैट्रोन और 10 कॉरपोरेट सदस्य हैं। संबद्ध संस्थाओं को दो वोट का अधिकार है। चेंबर चुनाव के लिए बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि इससे प्रदेश भर के उद्यमी समाज का महाजुटान एक साथ रांची में संभव हो सकेगा। मतदान स्थल पर व्यापारियों और उद्यमियों को अपनी कंपनी के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल्स भी उपलब्ध कराये जायेंगे। स्टॉल के लिए इच्छुक व्यापारी चुनाव समिति से संपर्क कर सकते हैं। प्रेस वार्ता में चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल और प्रवक्ता ज्योति कुमारी उपस्थित थीं।

# राजस्थान में झारखंडी लोक संस्कृति प्रस्तुति के लिए क्षितिश को बधाई : राजेंद्र प्रसाद

**विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों के बीच झारखंडी कला संस्कृति को प्रस्तुत करना झारखंड के लिए सम्मान की बात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजस्थान में झारखंड की लोक कला और संस्कृति का नागपुरी लेखक और साहित्यकार झारखंड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय की अगुवाई में 16 सदस्यीय कलाकारों के नागपुरी लोकगीत संगीत नृत्य की प्रस्तुति कर झारखंड लौट आने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने क्षितिश कुमार राय और उनकी टीम को बधाई दी है। ज्ञात हो कि जयपुर



राजस्थान आकाशवाणी की ओर से भारत की अगुवाई में जी 20 की अध्यक्षता के उत्सव स्वरूप देश के विभिन्न प्रदेशों से ख्याति प्राप्त कलाकारों को प्रस्तुति के लिए बुलाया गया था। प्रसाद ने कहा कि विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों के बीच झारखंडी कला संस्कृति को प्रस्तुत करना झारखंड के लिए सम्मान की बात है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 04 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# श्री राधा कृष्ण मंदिर : भक्तों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य के पूर्व में भव्य शोभा यात्रा सुबह 7:00 बजे से निकाली गयी जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री लड्डू गोपाल की अलौकिक झांकी थी जो कृष्ण नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त हुईं। तत्पश्चात भक्तों के लिए प्रसाद रूपी विशेष भंडारा का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में भक्तों के द्वारा चौक चौराहा पर पुष्प वर्षा के साथ प्रसाद का भी वितरण भक्तों के द्वारा किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ विधायक सीपी सिंह रमेश सिंह अशोक यादव सुनीता देवी दुलीप गुप्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया जायेगा एवं भजनों का विशेष कार्यक्रम होगा।

# गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति के अध्यक्ष बने नंद किशोर सिंह चंदेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति की पहली बैठक हुई जिसमें रांची महानगर और ग्रामीण क्षेत्र से 27 गणेश पूजा पंडाल ने भाग लिया। सभी पूजा समिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी का गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। और सर्वसम्मति समिति से रांची महानगर जिला महासमिति के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया एवं पूजा से संबंधित पंडालों से किसी भी समस्या आने पर उसके निराकरण के लिए महासमिति काम करेगी।

**नेतृत्व कर्ता: राज्यसभा सांसद महुआ माजी**
**अध्यक्ष-नंद किशोर सिंह चंदेल**
**मुख्य संरक्षक-रमेश सिंह, उज्ज्वल कुमार सिंन्हा, भारतेंदु कुमार, सोमवित माजी**
**मुख्य संयोजक- विनय सिंह।**

## टीम ग्रीन को हरा कर टीम येलो बनी चैंपियन

**रांची (आजाद सिपाही)। रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रांची विवि के वॉलीबॉल कोर्ट में हुआ। रविवार को टीम येलो और टीम ग्रीन के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में टीम येलो, टीम ग्रीन को हरा कर चैंपियन बनी। टीम येलो ने टीम ग्रीन को 25-11 और 25-17 के अंतर से मात देकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले लीग मैच में टीम रेड ने टीम ब्लू को 25-17, 25-12 से हराया। वहीं आखिरी मैच में टीम येलो ने टीम ग्रीन को 25-23, 22-25, 15-6 से मात दी। फाइनल मुकाबले में डीजी प्रशांत सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति हुए। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और प्रशासक डॉ रामाशंकर सिंह और रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉक्टर सुदेश साहू मौजूद रहे। सभी ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। अंत में प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले रेफरियों को द रांची प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया।**

## सेना की जमीन पर भू माफियाओं की नजर

# जमीन हड़पने के लिए पेपर के नाम पर दो करोड़ रुपये खर्च किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**हड़पी जा रही थी द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की जमीन, इडी ने किया पदार्फाश, सफेदपोश भी बेनकाब**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में करोड़ों की सरकारी जमीन को हड़पने के लिए एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। इस साजिश को अंजाम देने के लिए बड़े कारोबारी, राज्य सरकार के बड़े अफसर, राजस्व विभाग के भ्रष्ट कर्मी से लेकर जमीन दलाल और भू माफिया तक शामिल थे। लेकिन, प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जमीन घोटाले की जांच ने सबके मंसूबों पर पानी फेरते हुए सरकार की करोड़ों रुपये की जमीन को गलत हाथों में जाने से बचा लिया। इडी ने जमीन घोटाले की एक-एक साजिश का खुलासा कर दिया है।

इडी ने जिन जमीनों को जब्त किया, उन पर पर दावा और मुकदमा करनेवाले और खुद को जमीन का मूल रैयत बतानेवाले भी फर्जी निकल रहे हैं। इडी द्वारा जमीन से संबंधित दस्तावेज की जांच के दौरान इसकी पुष्टि हुई है। रांची में जमीन घोटाले में जिस तरह के तथ्य अनुसंधान में सामने आये, वे काफी चौंकाने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार सिरम टोली में सेना की साढ़े पांच एकड़ जमीन हथियाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाये गये, सेना जमीन को लेकर इडी ने जब जांच की, तो कई चौंकानेवाले तथ्य सामने आये।

दरअसल इस जमीन को हथियाने के लिए आर एस सर्वे का सहारा लिया गया। इस जमीन में हुई गड़बड़ी की शिकायत करनेवाले शिकायतकर्ता ने बताया कि सिरम टोली स्थित सेना की जमीन को एम एस सर्वे और आर एस सर्वे की भिन्नता का फायदा उठा कर और अधिकारियों के गठजोड़ से जमीन को हथियाने का काम किया गया। दरसल सिरम टोली स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन का एम एस सर्वे (म्युनिसिपल सर्वे) मे प्लॉट नंबर 858 और 901 था, जबकि आर एस ( रिजनल सर्वे) में इसका खाता नंबर बदल कर 269 हो गया और प्लॉट नंबर भी बदल कर 267 हो गया। 1945 और 1947 में सेना की जमीन का अधिग्रहण हो गया, जिसका ब्यौरा राजस्व भू अर्जन कार्यालय में है, लेकिन, कार्यालय में अधिग्रहण की जानकारी नहीं है, क्योंकि राजस्व कार्यालय म्युनिसिपल सर्वे से चल रहा है। जबकि आर एस सर्वे से ये अधिग्रहण किया गया था। इसकी जानकारी इडी में मामले की शिकायतकर्ता समीर सिन्हा ने दी। वहीं इडी की जांच मे इसकी पुष्टि भी हुई है। वहीं, उन्होंने बताया कि इस जमीन के रैयत काली पद घोष थे और उनके बेटा, जो सेना मे डॉक्टर थे, उनके द्वारा ही ये जमीन सेना को दी गयी थी, ताकि द्वितीय विश्वयुद्ध में घायल जवानों का इलाज हो सके। लेकिन वहां अस्पताल नहीं बन पाया। इसके एवज में उन्हें 69 हजार रुपये भी जमीन के अधिग्रहण के लिए मिले थे, लेकिन, पैसों के लालच में आकर संजय कुमार घोष ने और महुआ मित्रा ने अधिकारियों की मिलीभगत से रिजनल और म्युनिसिपल सर्वे का फायदा उठा कर जमीन को अपने नाम कर विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी के नाम बेच दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके लिए दो करोड़ रुपये पेपर के नाम पर खर्च किये गये। रांची के चेशायर होम जमीन मामले में इडी ने अपनी जांच में पाया है कि बिहार सरकार ने वर्ष 1976 में भू हदबंदी कानून के तहत इस जमीन को अधिग्रहित कर लिया था। पुगडू की 9.30 एकड़ जमीन को लेकर भी कुछ इसी तरह का बड़ा खेल हुआ है। यही कारण है कि इन तीन भूखंड जिसका मूल्य करीब 161.64 करोड़ रुपये है। उसे अस्थाई रूप से जब्त कर लिया था और जब्त सारी जमीनें कारोबारी विष्णु अग्रवाल से जुड़ी हुई हैं।

# रांची एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मारपीट, लोगों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में रांची एयरपोर्ट थाना इलाके में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद ग्रामीणों ने रविवार सुबह सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। लोगों ने सड़क पर बांस बल्ली और ईंट-पत्थर रख कर रोड जाम किया। हालांकि पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर सड़क जाम करनेवालों को शांत कराया और उन्हें वहां से हटाया।



**पुलिस के साथ मिल कर कुछ लोगों ने की मारपीट**

वहीं मामले को लेकर स्थानीय दुकानदार और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एयरपोर्ट थाना पुलिस के साथ मिल कर कुछ असामाजिक तत्वों ने एक दुकानदार के साथ मारपीट की है। उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने इस तरह की वारदात को अंजाम दिया है, उनको चिह्नित कर उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**आपस में भिड़े थे दो दुकानदार, फिर शुरू हुई मारपीट**

दरअसल यह मामला एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के स्टेट हैंगर के पास का है, जहां शनिवार की रात दो पक्षों में जम कर मारपीट हुई। शनिवार शाम इलाज का पैसा देने की बात को लेकर दो दुकानदार अंकित साहू और सुभाष तिर्की आपस में झगड़ने लगे, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी। इस बीच एक दुकानदार के समर्थक ने दूसरे की दुकान पर पत्थर चला दिया।

**ग्रामीणों ने पुलिस पर भी किया पथराव**

वहीं, जब इसकी जानकारी पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची, लेकिन वहां उपस्थित लोग पुलिस से भी उलझ गये। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया, जिसके बाद मामला बढ़ता देख डोरंडा और जगन्नाथपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा दिया।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
G20
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपंनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

# सीसीएल ने कोयला उत्पादन में लक्ष्य से 23 प्रतिशत अधिक वृद्धि दर्ज की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में सीसीएल ने अगस्त 23 में अपने प्रदर्शन से नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीसीएल ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः कोयला उत्पादन 5.7 एमटी, प्रेषण 6.1 एमटी तथा ओबी रिमूवल 9.1 एमसीयूएम किया। इस दौरान गत वर्ष के समान अवधि की तुलना में कोयला उत्पादन में 23 प्रतिशत, प्रेषण में 32 प्रतिशत और ओबी रिमूवल में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो ऐतिहासिक है। इसके अतिरिक्त भी अगस्त 23 में सीसीएल द्वारा विद्युत क्षेत्र को कोयला प्रेषण बढ़कर 5.6 एमटी हो गया, जो अगस्त 22 के 4.4 एमटी की तुलना में 27 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

# इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में संत जीएम स्कूल बना चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आम जनता हेल्पलाइन के तत्वावधान में रविवार 3 सितंबर को अंजुमन प्लाजा हॉल में स्कूली बच्चों के बीच इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 21 स्कूलों के लगभग 135 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता में अभिभावकों के अलावा स्कूलों के प्रिंसिपल, निदेशक व शिक्षक भी शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत जीएम स्कूल, द्वितीय स्थान इदरीसिया तंजीम स्कूल और तीसरा स्थान राईनगर्ल्स स्कूल को मिला। हालांकि डिवाइन और रांची पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी कड़ी टक्कर दी। इसके अलावा 104 बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। क्विज में अभिभावकों ने भी 20 से अधिक सवालों के सही जवाब देकर मेडल जीते। शहर की जानी-मानी हस्तियां भी इस क्विज का हिस्सा व गवाह बनीं। संचालन हाजी फिरोज जिलानी व मो. शकील ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने की। इस मौके पर उपाध्यक्ष हाजी जसीम, हैदर गुड्डू, मरकजी इदरीसया पंचायत के अध्यक्ष मो. इस्लाम, नेहाल अहमद, इमरान रजा अंसारी रमजान कुरैशी, सज्जाद इदरीसी, मो. रिजवान खान, तनवीर अहमद, शम्श कमर लड्डन, खालिद उमर, निगार सुल्ताना, मेराज अंसारी, मेराज गद्दी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# छठ महापर्व के पूर्व रांची झील की सफाई की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची झील बचाओ समिति ने रांची नगर निगम के द्वारा रांची झील की सफाई के लिए आयी मशीन के लिए आभार व्यक्त किया। रांची झील की साफ-सफाई के लिए मंगायी गयी मशीन को विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रांची झील में उतारा गया। समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा से निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया एवं निगम प्रशासन से रांची झील की जल्द से जल्द साफ सफाई की मांग की । श्री मिश्रा ने निगम प्रशासन से छठ महापर्व के पूर्व रांची झील की सफाई की मांग की।

# चंद्रपुरा और बेरमो पुलिस ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आवासीय कार्यालय सेंट्रल कॉलोनी में की छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** डुमरी उप चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार थम गया पर राजनीतिक का पारा पुरी तरह से गर्म हो गया है। कार्यकर्ता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का दौर अभी भी खत्म नहीं हुआ हैं। पुलिस ने भी शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु लगी हुई है। इसी के तहत गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के फुसरो नप के सेन्ट्रल कॉलोनी स्थित आवासीय कार्यालय में बेरमो पुलिस और चंद्रपुरा पुलिस के संयुक्त रूप से छापेमारी किया। सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो ने बताया कि 20 की संख्या में पुलिस बल आए हुए थे, परंतु किसी तरह का कोई चीज उनके हाथ नहीं लगा। सभी लोगों से आईडी कार्ड मांगा गया। सभी ने आईडी कार्ड को दिखाया। छापेमारी को लेकर बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा डुमरी उपचुनाव को लेकर संदेह के आधार पर सभी जगह जांच पड़ताल किया जा रहा है।



# चंद्रप्रकाश चौधरी के यहां छापा बड़े षड्यंत्र का हिस्सा : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कहा कि डुमरी उपचुनाव के 36 घंटे से भी कम समय रह गये हैं। ऐसे समय में आज आजसू के वरीय नेता और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के यहां छापेमारी एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा लगता है। निश्चित हार की आशंका से हेमंत सरकार बौखलाहट में आ गयी है और किसी हद तक जा सकती है।

प्रतुल ने कहा कि इसके पूर्व भाजपा के सांसद आदित्य साहू के यहां भी पुलिस छापेमारी कर चुकी है। एनडीए के दर्जनों नेताओं, कार्यकर्ताओं की भी तलाशी हो चुकी है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से सत्ताधारी गठबंधन के किसी एक नेता के घर में छापेमारी नहीं हुई। प्रतुल ने जानना चाहा कि यह कैसा न्याय और कानून? उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने का आग्रह किया।



## बैठक में निर्णय : 20 दिसंबर को होगा रांची में गोप संगठनों का महाजुटान

# सरकार गोप जाति का आरक्षण बढ़ाये या खत्म कर दे: साधु शरण गोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोप आरक्षण बढ़ाने की मांग को लेकर झारखंड के विभिन्न जिलों में संचालित गोप संगठनों की बैठक रविवार को रांची के वाइवीएन स्कूल में संपन्न हुई।

गोप आरक्षण बढ़ाओ संघर्ष मोर्चा प्रदेश संयोजक सह समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने बताया कि गोप जाति के बदहाली का सर्वे कराया जाये और उसके अनुकूल आरक्षण बढ़ाया जाये। यदि राज्य सरकार गोप जाति के आरक्षण बढ़ाने में अड़चन पैदा करती है तो गोप जाति को आरक्षण से बाहर कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि गोप संगठनों की बैठक में आंदोलन की रणनीति बनायी गयी। इस मांग से सरकार को सामूहिक रूप से अवगत कराने के लिए 20 दिसंबर को रांची में गोप महा जुटान का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गोप जाति के शोषण का आलम यह है कि उन्हें यादव/गोप की जगह ग्वाला और बागाल (चरवाहा) से जाति प्रमाण पत्र जारी करके अपमान करती है। बैठक में खूंटी से सविता गोप, धनबाद से प्रहलाद गोप, शिवपूजन गोप, शेखर गोप, बोकारो घनश्याम गोप, लाल बाबू गोप, चांडिल से बिनोद गोप, चाईबासा से रतन लाल गोप, चंद्रमोहन गोप, रांची से बबलू प्रकाश गोप, सुरेश गोप, अर्जुन गोप, गिरिडीह से राकेश, गुमला से वी गोप, करम चंद गोप, निरंजन गोप, विनय गोप, किशुन लाल गोप, मनोहर गोप, धीरेन गोप, लाल देव गोप, शांति गोप,बहादुर गोप, सूरज प्रकाश यादव, जगबंधु गोप, विजय यादव, दिबू गोप , राजीव गोप के अलावे 60 जनप्रतिनिधियों ने बैठक में अपनी बातें रखी।




# इस्मा का एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**कड़ी परीक्षा के बाद कई को उत्तीर्ण घोषित किया गया**

**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स इस्मा के मेन डोजो वाइएमसीए कांटा टोली रांची प्रांगड में वाइट बेल्ट से ब्राऊन बेल्ट तक के कराटे कारों के लिए एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग का आयोजन किया गया जिसमें सेंसाई कमल किशोर कच्छप, सेंसाई अनिल शर्मा, सेंसाई इबरार अंसारी, ने स्टांस, हैंड बेसिक, किक बेसिक, कंबीनेशन की जांच की।

सेंसाई गुलाम जावेद, सेंसाई जाकिर हुसैन, सेंसाई लालचंद लोहार ने काता, कुमिते, इप्पोन कुमिते, सनबॉन कुमिते, कितकनीकी जांच किया। जिसमें पिला बेल्ट में एंजल मिंज, नारंगी बेल्ट में अध्या शर्मा, विक्की मुंडां, हरा बेल्ट में अनूरउद दास, अयान अली, यशिका, नीला बेल्ट में हरमेश कुजूर, अंकित कुमार महतो, बैंगनी बेल्ट में शाक्षी संपत, भूरा बेल्ट 4 में आरजू अली, भूरा बेल्ट 3 में सुमैल अली, शामीन अली, कौसर अली को कड़ी परीक्षा के बाद उत्तीर्ण घोषित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक सहित इस्मा के लीगल एडवाइजर शूभनारायण दत्ता उपस्थित थे।

# करम पूजा 25 को, पारंपरिक रीति रिवाज से होगी पूजा : अनिल उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में की एक अतिआवश्यक बैठक करम महापर्व के उपलक्ष्य में धुमकुड़िया घर मे संम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने किया एवं संचालन समिति के सचिव कृष्णा उराँव ने किया। मौजा के पहान राजा बिरसा मुंडा ने कहा कि 25 सितंबर को भादो एकादशी शुक्ल पक्ष के दिन उपवास एवं पारंपरिक रीति रिवाज के साथ शाम में 7 बजे से पूजा आरंभ 26 को परणा, 27 को परंपारागत तरीके से करम राजा को गांव में भ्रमण कर विसर्जन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा इस वर्ष भी करम पूजा परंपारागत रीति रिवाज,विधि विधान एंव धार्मिक कर्मकांड, मुर्गों की बलि प्रथा के साथ पुजा अर्चना सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य सरकार से मांग करते है कि करम पर्व पर तीन दिवसीय राजकीय अवकाश देना चाहिए, ताकि आदिवासी समाज का जो रूढ़िवादी परंपरा और भी बरकरार रहे।

बैठक में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक चिल्गु लकड़ा, मंगा उरांव, जग्गनाथ उरांव, सुरेश टोप्पो, अजय उरांव, भानु उरांव, बिरसा बांडो, मुन्ना गाड़ी, रविंद्र उरांव, ललित लिंडा, आकाश उरांव, आशीष लकड़ा, प्रकाश उरांव, आकाश तिर्की, बिकी बांडो, आलोक बांडो, संजय कुजूर, सुनीता उरांव, गंगी तिर्की, स्वेता तिग्गा, शिवानी गाड़ी आदि मौजूद थे।

# कृष्णा तेरी मुरली ते भला कौन नी नचदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य के पूर्व में भव्य शोभा यात्रा सुबह 7 बजे से निकाली गयी। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री लड्डू गोपाल की अलौकिक झांकी थी, जो कृष्ण नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त हुई तत्पश्चात भक्तों के लिए प्रसाद रूपी विशेष भंडारा का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में भक्तों के द्वारा चौक चौराहा पर पुष्प वर्षा के साथ प्रसाद का भी वितरण भक्तों के द्वारा किया गया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, रमेश सिंह, अशोक यादव, सुनीता देवी, दिलीप गुप्ता शामिल थे। शोभायात्रा में दुर्गा जागरण मंडली के गायकों द्वारा भजनों की गंगा बहायी गयी।



इससे पूरा कृष्णा नगर कॉलोनी भक्ति मय हो गया। दुर्गा जागरण मंदिर के केशर पपनेजा, पवन मनुजा, मनोज किंगर ज्योति अरोड़ा द्वारा भजनों की गंगा बहायी गयी।

यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा के अनुसार बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनायी जायेगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया जायेगा एवं भजनों का विशेष कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल, जसूजा मुखी, राधेश्याम किंगर, चंद्रभान तलेजा, केशर पपनेजा, रामचंद्र तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, किशोरी किंगर, चुन्नीलाल पपनेजा, चंदन सिडाना, अरुण जसूजा, किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर, मादन पोत्रा, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा, कमल घई, नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, पवन मनुजा, सुनील कटारिया, पवन पपनेजा, अनिल मुंजाल, निखिल घई, उमंग मनुजा, रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा, ललित किंगर, सुशील गेरा, संजय पपनेजा, मुकेश मुंजाल कौशल्या देवी, पूनम तलेजा, लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा, शकुंतला देवी, मुंजाल ज्योति अरोड़ा नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, सिम्मी पपनेजा, संगीता मिढा, रूबी अरोरा, निशा पपनेजा, कामना खत्री, निशा तलेजा पूजा जसूजा, रेखा घई, रश्मि कठपाल कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, सुनीता विज, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, भावना किंगर, पिंकी तलेजा छाया पपनेजा का अहम योगदान किया।

# बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन रविवार को रांची स्थित गुरुनानक उच्च माध्यमिक स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें झारखंड राज्य के सूदूर क्षेत्रों से लगभग 1512 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभा दो सत्रों में आयोजित हुई। प्रातःकालीन सत्र में पूरानी इकाई को भंग कर हाल ही में 2023-26 के लिए इकाई के विभिन्न पदों के लिए हुए चुनाव के परिणाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर अजित कुमार द्वारा की गयी। कॉमरेड सुनील लकड़ा पुनः सर्वसम्मति से इकाई के महासचिव निर्वाचित हुए। कॉमरेड अमित कुमार अध्यक्ष, कॉमरेड प्रकाश उरांव कोषाध्यक्ष, बेंजामिन मुर्मू उपाध्यक्ष, मनीष नारायण उप महासचिव, वरूण कुमार सहायक कोषाध्यक्ष तथा राज कुमार ऑर्गनाइजिंग सेक्रेट्री निर्वाचित हुए। कुल 35 सदस्य इकाई के विभिन्न पदों के लिए सर्वमत से निर्वाचित हुए, जिनका कार्यकाल 2026 तक रहेगा। दूसरे सत्र की शुरूआत में फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एशोसिएशन के महासचिव कॉमरेड सुनील कुमार ने कहा कि 12वें द्विपक्षीय समझौते संबंधी सरकार से वातार्लाप जारी है। 5 कार्य दिवसीय मांग को संगठन द्वारा पूरे जोर तरीके से उठाया जा रहा है जिसका लाभ आने वाले समय में दिखेगा। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड नीलेश पवार ने कहा कि जन धन खाते खोलने से लेकर, स्वनिधि ऋण, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया सभी तरह के सरकारी योजनाओं को राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ही आम-जन तक पहुंचाया जा रहा है लेकिन उस अनुपात में बैंकों में भर्ती नहीं की जा रही है। बैंक पर दबाव और बैंक के स्टाफ सदस्यों पर तनाव बढ़ता जा रहा है। फेडरेशन के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष और झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने भगवान बिरसा की भूमि झारखंड की राजधानी राँची में फेडरेशन के राष्ट्रीय नेताओं का आभार प्रकट किया और राज्य के सूदूर क्षेत्रों से आए अधिकारियों को संगठित और एकत्रित रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन नवनिर्वाचित उप महासचिव मनीष नारायण और झरना कोंगारी ने किया और विधिवत रूप से धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष बेंजामिन मुर्मू ने किया।

# डेंगू-चिकनगुनिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कदम उठाने का डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने उपायुक्त से किया अनुरोध

**राजधानी में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मरीज, अस्पताल में भर्ती होने पर बेड मिलने में भी हो रही दिक्कत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को सामाजिक-वैचारिक प्रचारित संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने रांची के उपायुक्त से अनुरोध किया है कि जिस प्रकार से डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां पूरे राजधानी में फैल रही हैं और सभी लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। उसे देखते हुए यह बहुत आवश्यक है, कि इसे नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाये। डॉ.



बब्बू ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में न केवल राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची या रांची सदर अस्पताल बल्कि निजी स्तर पर भी अनेक अस्पतालों में डेंगू-चिकनगुनिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में जिस तरीके से उछाल आया है उसे देखते हुए यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि रांची में डेंगू-चिकनगुनिया बहुत ही तेजी से फैल रहा है और अनेक लोगों को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। जिस प्रकार से राज्यभर में डेंगू चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है कहीं यह महामारी का रूप ना ले यह बड़ी चिंता का विषय बन गया है। डॉ. बब्बू ने रांची के उपायुक्त से अपील की है कि इस मामले में वे प्रभावी कदम उठायें और डेंगू-चिकनगुनिया को नियंत्रित करने के लिए अविलंब स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करें तथा आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिये कदम उठायें ताकि आम लोगों को डेंगू-चिकनगुनिया का खामियाजा न उठाना पड़े।



डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए जनसम्पर्क अभियान के दौरान नावडीह प्रखण्ड के भालमारा पंचायत स्थित टोला घटुंदिया में लोगों को बेबी देवी के पक्ष में मतदान के लिए बताते हुए झामुमो रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, संगठन सचिव, जुलफीकार खान, लालजय कुमार नाथ शाहदेव, महिला मोर्चा की पूर्व जिला सचिव शान्ति तिर्की, नामकुम प्रखण्ड उपाध्यक्ष साहिल यादव, राहुल वर्मा, पुष्पा बरदेवा, सुषमा उरांव, राधा बाउरी, सुषमा तिर्की, छोटका नायक, बलु लोहार, ओम, नीतीश साव आदि शामिल हैं।

## डॉ राजकुमार शर्मा और डॉ स्मृति सिंह को दी बधाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने रांची विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों डॉ राजकुमार शर्मा एवं डॉ स्मृति सिंह को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा प्रायोजित भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित वर्कशॉप में सफलतापूर्वक सम्मिलित होकर लौटने पर बधाई दी। यह कार्यक्रम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र के द्वारा आयोजित की गयी थी।

## सुभाष मुंडा हत्याकांड
## सुपारी लेने वाला कुख्यात बबलू पासवान गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड का सुपारी लेने वाला कुख्यात अपराधी बबलू पासवान को गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस की टीम ने ओडिशा से बबलू पासवान को गिरफ्तार किया है। इसके बाद उसे पुलिस रांची लेकर आ रही है। सुभाष मुंडा का छोटू खलखो के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। छोटू नेअपराधी बबलू पासवान से संपर्क किया। बबलू से 15 लाख नकद और 10 डिसमिल जमीन देने की बात पर सुभाष की हत्या का सौदा तय हुआ। उसे 4 लाख नकद और 6 डिसमिल जमीन एडवांस के तौर पर दिये गये। इसके बाद 26 जुलाई को सुभाष की हत्या कर दी गयी।

# छात्र आत्महत्या को रोकने के लिए शीघ्र उठाये जायें कदम : अभाविप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शुक्रवार को आईआईटी दिल्ली में छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से अत्यंत व्यथित है, दो महीने के भीतर आईआईटी दिल्ली में यह छात्र आत्महत्या का दूसरा मामला है। देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले व शहरों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं अत्यंत दुखद है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद; केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों, शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न हितधारकों, कोचिंग संचालकों तथा समाज से यह अनुरोध करती है कि इस बड़ी समस्या के समाधान की दिशा में शीघ्रता से कदम उठाने की दिशा में अपनी भूमिका का उचित



निर्वहन करें।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मई, 2023 में पुणे में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद में छात्रों के मानसिक दबाव के विषय को प्रमुखता से उठाते हुए अभाविप ने शैक्षणिक परिसरों को तनावमुक्त जीवंत शिक्षा केन्द्र के रूप विकसित करने का आह्वान किया, अभाविप की पुणे राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद में 'आनंदमय सार्थक छात्र जीवन के केन्द्र बनें परिसर' शीर्षक प्रस्ताव को पारित कर मांग की गई है कि विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए कदम उठाए जाएं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, यह अत्यंत चिंताजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है।

अभाविप मांग करती है कि सरकार, छात्र आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए। साथ ही शिक्षा क्षेत्र के अन्य हितधारकों को इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए आगे आना होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, 'आनंदमय सार्थक छात्र जीवन अभियान' शुरू करने जा रही है, जिसके द्वारा छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने व परिसरों को तनावमुक्त बनाने के विषय को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## कलाकारों ने लिया निर्णय कलाकार के हित के लिए एक बैनर में आना होगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** करमटोली चौक स्थित केंद्रीय धूमकुड़िया भवन में रविवार को झारखंड के कलाकारों के हितों को ध्यान में रखकर उनके समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इसमें अन्य क्षेत्र के कई कलाकार शामिल हुए। कलाकारों ने प्रण लिया कि सरकार को कलाकार के प्रति अपना दायित्व निर्वाह करने के लिए सड़क से सदन तक जायेंगे। कलाकारों और विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि चाहे संस्थाएं कितने भी हो किन्ही उद्देश्य के लिए बनी हो सभी को कलाकार के हित के लिए एक बैनर पर आना होगा। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि कलाकारों के हक के लिए हुए सदैव साथ रहेंगे और कलाकार पर शोषण एकदम बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरना सदन मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा ने अपनी बातें रखी। बैठक में निर्णय हुआ कि कलाकारों को जोड़कर कलाकार यूनियन का गठन किया जायेगा। बैठक का संचालन देव पूजन ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य पहान जगलाल पहान, नामकुम पूर्वी जिला परिषद विपिन टोप्पो, अजीत लकड़ा,अनील उरांव, रंजू मिंज, रवि साहू, अनमोल खलखो, विनोद जायसवाल, कृष्ण सारथी, सुमित सचदेवा, ऋषिकेश लाल, मनोज शहरी, इम्तियाज अंसारी, विक्की नगीना उपस्थित थे।

## विनोद सिंह की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की जांच वरीय पुलिस अधीक्षक करें: विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही)।** मजिस्ट्रेट कालोनी डोरंडा निवासी विनोद सिंह की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की जांच रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक करें। उक्त मांग झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने किया है। श्री नायक ने आगे कहा कि सबसे दुखःद पहलू इस घटना की है कि वह रक्षा बंधन के दिन राखी बंधवा कर 31 अगस्त को ही अपने घर से लापता था। 1/9/23 को सब घर वाले उसे खोजबीन अपने परिवार दोस्त के यहां करने लगे नही पता चलने पर 2/9/23 को डोरंडा थाना में उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। 2/9/सितंबर को बुटी थाना ने खबर किया कि यह गाडी का दुर्घटना दिनांक 31/8/23 को ही हुआ है। थाना जाने पर पता चला कि विनोद सिंह की मौत उसी दिन हो गयी थी और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स में अज्ञात व्यक्ति कर के कर दिया गया था, जो बुटी थाना की कर्तव्यहिनता दशार्ता है जिसकी हम निंदा करते है। श्री नायक ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## 7 को भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ देशभर में धूमधाम से मनायी जायेगी : आलोक कुमार दुबे

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर 7 सितंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देशभर के सभी जिलों में भारत जोड़ो यात्रा आयोजित की जायेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा 7 सितंबर को राजधानी रांची में डोरंडा भीम राव आंबेडकर चौक पर भारत जोड़ो यात्रा निकाली जायेगी एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में आजाद भारत की अबतक की सबसे लंबी पदयात्रा की वर्षगांठ धूमधाम से मनायी जायेगी।

## पारस अस्पताल ने 10 वर्षों से कार्डियोमायोपैथी से ग्रसित महिला को तीन महीने में ठीक किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** कार्डियोमायोपैथी दिल की कमजोरी से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें हमारे दिल की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं और जिसकी वजह से हमारा दिल शरीर में सही तरीके से ब्लड सकुर्लेशन नहीं कर पाता है। पिछले 10 साल से एक महिला इस बीमारी से ग्रसित थी। मरीज के परिजनों ने बताया कि कई जगह उपचार कराने के बाद भी उसकी बीमारी ठीक नहीं हो पा रही थी, और उसकी समस्या बढ़ती ही जा रही थी। तीन बार महिला काफी गंभीर अवस्था में पहुंच कर दूसरे अस्पताल में भर्ती हुई थी और दो बार उसे वेंटीलेटर पर रखा गया था। लगभग 10 वर्षों से बीमारी से परेशान महिला जब रांची के पारस एचइसी अस्पताल आयी तब जांच के पश्चात डॉ कुंवर अभिषेक आर्य ने पाया कि महिला के शरीर के अन्य हिस्सों में समुचित मात्रा में खून का संचार नहीं कर पा रहा था। जिसकी वजह से महिला को परेशानी हो रही थी। पारस एचइसी अस्पताल के चिकित्सक डॉ कुंवर अभिषेक आर्य ने मरीज को अस्पताल में सिर्फ.एक दिन के लिए भर्ती कर इलाज किया। उसके बाद मरीज का बिना हार्ट ट्रांस्प्लांट किए उसे घर भेज दिया और डॉ कुंवर अभिषेक की देखरेख में लगभग तीन महीने की निरंतर चिकित्सा ( सिर्फ.दवा से ) के बाद, वही महिला आज पूरी तरह स्वस्थ है और अपनी रोजमर्रा के कामकाज बखूबी कर रही है।

## मलयाली एसोशिएशन रांची ने ओणम समारोह का किया शानदार आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** एचइसी टाउनशिप सेक्टर-2 स्थित कैरलि स्कूल के परिसर में शनिवार को मलयाली एसोसिएशन, रांची ने ओणम समारोह का शानदार आयोजन किया। समारोह का आरम्भ स्वागत गान से हुआ, जिसे नंदा नायर, नव्या रघुनाथ एवं साथियों ने गाया। गणमान्य लोगों में एसएच नाथन, मलयाली एसोसिएशन के अध्यक्ष सजी नायर, सोशियो कल्चरल विंग के चेयरमैन, के रमेशन, महासचिव, सुकुमारन नायर, सोशियो कल्चरल विंग के सचिव मंच पर आसीन थे। मलयाली एसोसिएशन, रांची के महासचिव के रमेशन ने अपने स्वागत भाषण से कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं सभी लोगों का स्वागत किया। मलयाली सोशिएशन के अध्यक्ष एसएच नाथन और मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सोशियो कल्चरल विंग के उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन सजी नायर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए अपना उदगार व्यक्त किया। मलयाली एसोसिएशन, रांची के अध्यक्ष एसएच नाथन ने उदघाटन भाषण दिया। एसएच. नाथन ने कैरलि स्कूल के निदेशक जेकॉब सीजे को' 'एमपी मैथ्यू मेमोरियल अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया। अध्यक्ष ने सर्वश्रेष्ठ छात्र का सम्मान आयुषी वर्गीस को दिया, जो विजीश केवी की सुपुत्री है। के जॉय एवं उनकी धर्म पत्नी मैरी जॉय वीएम मथ्यू शंथाम्मा दिवाकरण गोपालकृष्ण पिल्लई एवं उनकी धर्मपत्री मेधा पिल्लई एवं मारिया कुट्टी मध्यू को हेल्थ इन्सुरेंस कार्ड प्रदान किया गया । सोशियो कल्चरल विंग के उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन सजी नायर एवं अन्य सदस्यों ने 'सीनियर सिटिजन एवं 70 और उनसे अधिक उम्र के लोगों को सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन सुकुमारन नायर, सोशियो कल्चरल विंग के सचिव ने प्रस्तुत किया।

### नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति, लोअर चुटिया ने दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 के लिए नयी कार्यकारिणी की घोषणा की

# राजकुमार महतो बने अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह पटेल चुने गये मुख्य सलाहकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति, लोअर चुटिया, महादेव मंडा, रांची की एक आम बैठक शिव मंदिर के प्रांगण में समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें वर्ष 2023 का बजट प्रस्तुत किया गया एवं सर्वसम्मति से राजकुमार महतो को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। और मुख्य सलाहकार जितेंद्र सिंह पटेल को चुना गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों के द्वारा आरती संग्रह शारदीय अभिनंदन 2023 का लोकार्पण भी किया गया। इस वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष राजकुमार महतो ने आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 के लिए नयी कार्यकारिणी की घोषणा की।

**संरक्षक:** राधेश्याम केसरी, लालो महतो, मदन सिंह, पीतांबर महतो, छत्रधारी महतो, विजय रंजन कुमार, अरविंद कुमार, अनिल महतो, लखन महतो, राजीव सिंह, उदय पासवान, प्रेम चौधरी, कैलाश केसरी, राम लखन महतो, मदन मुंडा, राम उरांव, दीपक चौधरी, मुकेश मधुकर, अनिल रंजन चौधरी, प्रदीप चौधरी, दीपक साहू, अजय केसरी, विकास पासवान, संजय चौधरी, हरिशंकर सिंह, ज्ञानी महतो।**मुख्य सलाहकार:** जितेंद्र सिंह पटेल, **सलाहकार:** नितिन केसरी, दिलीप स्वर्णकार, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, अशोक साहू, नेपाल महतो, सुमित मिश्रा, महानंद किशोर, ललन चौधरी, उमाकांत मराठी। **संयोजक:** रवि गोप, **सहसंयोजक:** रविंद्र प्रसाद, मनोज गोप। **अध्यक्ष:** राजकुमार महतो, **कार्यकारी अध्यक्ष:** मिथिलेश गोप, अमित साहू। **महामंत्री:** प्रमोद गोप, **संगठन महामंत्री:** संजय प्रसाद (मामा), **कोषाध्यक्ष:** रंजीत राम, **सह कोषाध्यक्ष:** गुल्लू गोप , **वरीय उपाध्यक्ष:** धनंजय सिंह, राजेंद्र केसरी (छोटू) अनूप ठाकुर। **उपाध्यक्ष:** भोला केसरी, धर्मेंद्र सोनी, धनंजय कुमार ठाकुर, रवि महतो, राजू गोप, रामदेव लोहरा, चुन्नू गोप, सरवन महतो, महावीर रजक, सुमित महतो, गौतम महतो, आयुष कुमार, मनीष केसरी, कौशल चौधरी, दिलीप गोप, संदीप चौधरी, रितेश गोप, अमन सिंह, विक्रम साहू, सुधीर महतो, उपेंद्र सिंह, अंकित केसरी, तपन कुमार महतो, अमित लोहरा, दिलीप साहू, जसवंत प्रसाद साहू, बादल महतो, वीरेंद्र गोप।

**मंत्री:** अजीत गोप, संजय वर्मा (बबलू), अमर चौधरी, रवि प्रकाश गोप, करण कुमार महतो, सूरज रजक, विवेक महतो, करण सिंह, रोहन भोक्ता, सूरज केसरी, सुमित महतो (2), सुशील पहान, प्रतीक चौधरी, भूपेंद्र सिंह, शिवम सिंह, अंकित केसरी (2), सूरज मुंडा, सुधीर महतो, रोशन महतो, सुबोध साहू।

**संगठन मंत्री:** दीपक नेहाल (दीपू), सुरेश मुंडा, आलोक गुप्ता, कुलदीप लोहरा, सुमित महतो (3), शशि महतो, मनोज साहू, दीपक बरला, मंगल कुजूर, सूरज सिंह, कृष्णा गोप, विकास गोप, विनय कुमार, अमरदेव महतो, शिवम गोप, माखन पाठक, प्रभात कुमार, पंकज केसरी, उज्जवल केसरी, पंकज कुमार, सकलदीप सिंह, उमेश गोप। **अंकेक्षक:** अजीत कुमार, **पूजा प्रभारी:** दीपाशीष कुमार, अमित केसरी और **कार्यकारिणी सदस्य:** डॉ संजय कुमार, मोहित कुमार महतो, अमन केसरी, जितेंद्र चंद्रवंशी, कुलदीप साहू, पिंटू साहू, मुन्नीलाल साहू, अनिल मुंडा, सुमित वर्मा, नीरज शर्मा, अमन गोप, उदय केसरी, विपिन यादव, अंकित सिंह, आयुष सिंह, रमेश साहू, पवन साहू, अविनाश साहू, सुधीर यादव, राजेंद्र मुंडा, मोहन महतो, संजय साहू, नितिन कुमार, निखिल सिंह, सहित शर्मा, अमन साहू, भावेश सिंह, जय शर्मा, सोनू साहू, अरविंद सिंह, अजय करमाली, श्याम चौधरी, आर्यन सिंह, संदीप साहू, नितेश गोप, विकास यादव, काली चौधरी, शानू ठाकुर, चंदन कुमार, चंदन ठाकुर, निलेश चौधरी, मयूर चौधरी, विष्णु कुमार मंडल, नितेश चौधरी, शुभम चौधरी को बनाया गया।

**सदैव शुभौसी :** प्रमोद गोप (महामंत्री) नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति, लोअर चुटिया (महादेव मंडा) रांची हैं।

# सूरज की दिशा में भारत का परचम

धरती से करीब 3 लाख 84 हजार 400 किलोमीटर दूर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के सफलता से तिरंगा झंडा गाड़ने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अर्थात इसरो ने सूरज की दिशा में परचम लहरा दिया है। आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन है। इसरो के वैज्ञानिकों ने आदित्य एल1 को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी की 235 किमी गुणा 19500 किमी की कक्षा में स्थापित किया। रविवार 3 सितंबर को आदित्य एल1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट बढ़ायी। अब ये पृथ्वी की 245 किमी गुणा 22459 किमी की कक्षा में आ गया है। यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 22459 किमी है। इसरो ने बताया कि अब 5 सितंबर को दिन के करीब 3 बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ायी जायेगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे। भारत का सूर्ययान आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में जिस जगह जाकर ठहरेगा, वो प्वाइंट लैग्रेंज बिंदू-1 (एल-1) ही है। इस प्वाइंट के बारे में बताया जाता है कि यह ऐसी जगह है, जिसके चारों तरफ प्रभामंडल कक्षा में रह कर ग्रहण के समय में भी सूर्य को देखा जा सकता है। इसके अलावा रीयल टाइम में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव पर भी हर समय नजर रखी जा सकती है। यहां तक दावा किया जाता है कि सूरज से निकलने वाले कोरोनल मास इंजैक्शन और सौर तूफान, इसी रास्ते से धरती की ओर जाते हैं। इसी प्वाइंट पर चक्कर लगाते हुए आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करेगा। लैग्रेंज प्वाइंट का नाम इतालवी-फ्रैंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैग्रेंज से जुड़ा है। धरती और सूर्य के बीच में 5 लैग्रेंज प्वाइंट पड़ते हैं। इनमें से लैग्रेंज बिंदू-1 धरती से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। लैग्रेंज प्वाइंट अंतरिक्ष में वे स्थान हैं, जहां भेजा गया ऑब्जैक्ट वहीं रुक जाता है। लैग्रेंज बिंदुओं पर दो बड़े द्रव्यमानों का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव एक छोटी वस्तु को उनके साथ चलने के लिए आवश्यक अभिकेंद्रीय बल के बराबर होता है। अंतरिक्ष में इन बिंदुओं का उपयोग अंतरिक्ष यान द्वारा स्थिति में बने रहने के लिए आवश्यक ईंधन की खपत को कम करने के लिए किया जा सकता है। मतलब, यह कि यहां गुरुत्वाकर्षण अभिकेंद्रीय बल के बराबर होता है। ऐसे में कोई भी अंतरिक्ष यान इस प्वाइंट पर कम ईंधन के साथ रुक कर अध्ययन कर सकता है। सूर्य हमारे सौर मंडल के केंद्र में स्थित हाइड्रोजन और हीलियम से युक्त एक चमकता तारा है, जिसकी उम्र लगभग 4.5 अरब वर्ष है।

**इसरो ने बताया कि अब 5 सितंबर को दिन के करीब 3 बजे एक बार फिर आदित्य की कक्षा बढ़ायी जायेगी। इसके लिए कुछ देर इंजन फायर करने पड़ेंगे। भारत का सूर्ययान आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में जिस जगह जाकर ठहरेगा, वो प्वाइंट लैग्रेंज बिंदू-1 (एल-1) ही है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**जी-20 जो 'काम के भविष्य' से निकलने वाली प्रवृत्तियों का प्रबंधन करने के लिए राष्ट्रों की पूरक शक्तियों के साथ वैश्विक हित के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार कर सकता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने जी-20 कौशल रणनीति और क्षमता निर्माण, आजीवन शिक्षण और निगरानी से जुड़े इसके संबंधित पहलुओं को चर्चाओं के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रखा है।**

# कार्य के भविष्य के लिए रूपरेखा



**अतुल कुमार तिवारी**

हम काम करने के तरीके में बड़े पैमाने पर वैश्विक बदलाव को देख रहे हैं। यह आइआर 4.0, ऊर्जा संक्रमण और नये युग की प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित 'कार्य के भविष्य' के रूप में हमारे सामने है। नयी प्रौद्योगिकियां 'कार्य', 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव ला रही हैं। हम विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संरचना में व्यापक बदलाव देख रहे हैं। यह उच्च-स्तरीय अनुभूति और सामाजिक-भावनात्मक कौशल की आवश्यकता वाले नए रोजगारों के आगमन से प्रमाणित है। 'कार्य के भविष्य' को समायोजित करने के लिए सभी सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में आशावाद के साथ-साथ संदेह भी व्याप्त है। इस प्रकार के व्यापक वैश्विक परिवर्तनों के संदर्भ में गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। जी-20 अपने सभी आर्थिक और सामाजिक आयामों के साथ 'काम के भविष्य' पर चर्चा करने के लिए सही मंच है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 जो 'काम के भविष्य' से निकलने वाली प्रवृत्तियों का प्रबंधन करने के लिए राष्ट्रों की पूरक शक्तियों के साथ वैश्विक हित के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार कर सकता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने जी-20 कौशल रणनीति और क्षमता निर्माण, आजीवन शिक्षण और निगरानी से जुड़े इसके संबंधित पहलुओं को चर्चाओं के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रखा है। पूरी दुनिया के लिए ये विचार-विमर्श प्रासंगिक हैं। यह जी-20 और वास्तव में दुनिया को शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रणालियों के बारे में फिर से परिकल्पना करने के कार्य की नये सिरे से शुरुआत करने का अवसर प्रदान करता है, ताकि शिक्षार्थियों को जीवन को सही दिशा में ले जाने, समाज में योगदान देने और रोजगार के उभरते बाजारों के अनुकूल आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके।




**भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरुआत करता है, जो विपरीत जनसांख्यिकीय और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।**

**कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है।**

ऑटोमेशन, बिग डेटा, एआइ और अन्य प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखायी देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाये हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है। जी-20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार-विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है। इसमें सामूहिक जी-20 कौशल रणनीति को लागू करने के लिए संकेतक और स्कूल और टीवीइटी में निरंतर शिक्षण, शिक्षा और शिक्षण के परिणामों में सुधार के तरीके शामिल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020, विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों/ राज्यों में फैले शिक्षा और कौशल से संबंधित आधारभूत संरचना में निर्बाध ऋण संचय और हस्तांतरण, व्यावसायिक से सामान्य शिक्षा और कौशल के वितरण को एकीकृत करके सभी स्तरों पर कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक पेशा-उन्मुख, स्वस्थ बनाना और रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। इसमें यह भी परिकल्पना की गयी है कि हमारे शिक्षा और कौशल संस्थान ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने में सक्षम हैं, जो अर्थव्यवस्था और रोजगार के बाजार में परिवर्तन के लिए लचीला और अनुकूल हैं।

'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नये युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं, क्योंकि ऑटोमेशन से शॉप फ्लोर और ग्राहक से जुड़ने के तरीकों में बदलाव होता है। कौशल संबंधी आधारभूत संरचना को भी संस्मरण और सिद्धांत से उन्नत करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हस्तांतरणीय रोजगार कौशल पर अधिक ध्यान देते हुए दुनिया को समझना होगा। हमें स्थानीय/जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के हितधारकों में कार्यान्वयन से जुड़े भागीदारों की क्षमता को भी बनाये रखना चाहिए, ताकि उन्हें इस परिवर्तन को अक्षरशः लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और प्रेरणा से लैस किया जा सके। प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ 'कार्य के भविष्य' को समावेश करने और श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी, वंचित वर्गों/भौगोलिक क्षेत्रों तक कौशल की पहुंच और उन वर्गों की मदद करने जैसी सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी नये सिरे से प्रयास करने की आवश्यकता है, जिन्हें नयी अर्थव्यवस्था के साथ मुख्यधारा में लाना मुश्किल लगता है।

भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरुआत करता है, जो विपरीत जनसांख्यिकीय और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

**(लेखक : सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय हैं।)**


## झारखंड/जमशेदपुर की खबरें

### मदर आमना मेमोरियल एजुकेशनल व वेलफेयर सोसाइटी का सम्मान समारोह 6 सितंबर को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था मदर आमना मेमोरियल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा आगामी 6 सितंबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी गई। डॉक्टर अफरोज शकील व मोहम्मद ताहिर हुसैन ने बताया मानगो उलिडीह मैदान में आगामी 6 सितंबर को शहर के10 कोच व स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उभरते खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। शिक्षाविद् एपीआर नायर की याद में नायर एक्सीलेंस अवार्ड व स्कॉलरशिप दी जायेगी। उन्होंने बताया शिक्षक दिवस के अवसर पर छोटे बच्चों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। विजेता एवं उपविजेता के टीम के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बीते एक माह से चल रही स्कूल व बस्ती के बच्चो के खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीम को आगामी 16 सितंबर को पुरस्कृत किया जायेगा।

### कपाली अलबेला गार्डन में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस




**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला- खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र के अलबेला गार्डन का रहने वाले समीर खान के घर से चोरों ने दरवाजा तोड़कर लाखों के समान पर हाथ साफ कर लिया। पीड़ित समीर खान ने बताया मामला शनिवार की है। वे अपने परिवार संग सहारा सिटी गया हुआ था। रविवार सुबह 9 बजे पड़ोसी ने फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही घर पहुंचने पर दरवाजा टूटा पाया। अंदर में चोरों ने अलमारी को तोड़कर 3 लाख 75 हजार नगद, दो सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, चार चांदी का चैन, दो रोलेक्स की घड़ी व दो मोबाइल फोन की चोरी कर ली। इस संबंध में कपाली ओपी जानकारी देते हुए लिखित शिकायत की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर निवासी 18 वर्षीय युवती ने कोडरमा थाना क्षेत्र के चिगलाबर निवासी विवेक पासवान पिता बजरंगी पासवान के ऊपर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती ने तिलैया थाना को आवेदन देते हुए बताया है कि आरोपी के द्वारा विगत कई महीनों से शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण किया गया है। जब युवती शादी करने की जिद करने लगी तब आरोपी उसे छोड़कर भाग गया। वहीं पीड़िता ने जब आरोपी के मोबाइल पर फोन कर शादी करने की बात कही तब आरोपी और उसकी भाभी ने फोन पर उसे गाली-गलौज कर फोन काट दिया। आवेदन के आलोक में पुलिस ने मामले की जांच करने की बात कही है।

## चयनित आंदोलनकारियों को विधायक ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के घोड़ाबांधा फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में झामुमो पंचायत समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी शामिल हुए। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी चयन आयोग के द्वारा चयनित झारखण्ड आंदोलनकारी मदन गोराई, शाहिद परवेज, मृतुंजय महतो, विस्वजीत बनर्जी, निरंजन महतो, अनु दत्ता, राजू बालन को विधायक के द्वारा माला पहना कर सम्मानित किया। मौके विधायक कालिंदी ने बताया झारखंड अलग राज्य की लड़ायी में गुरुजी के नेतृत में कई आंदोलनकारियों ने अपनी जान की कुर्बानियां दी है। तब जाकर अलग राज्य का निर्माण हुआ। राज्य बनने के बाद कई सरकारें आयी, लेकिन किसी ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने का काम नहीं किया। हेमंत सरकार में आंदोलनकारीयों को उचित सम्मान मिल रहा है। मौके पर राजू राणा, अमित गोराई, हरीशंकर चौबे, विक्टर सोरेन, प्रकाश सहाय, बिक्रम सिंह, सुनील गोराई, रजत प्रसाद, बिनित जयसवाल, जयराम महतो, योगेश्वर महतो, भास्कर महतो, विरें महतो, लाल बाबू राय, अजय गोराई, पिंटू महाली सहित क्षेत्र के सैकड़ो झामुमो समर्थक शामिल रहे।

## कर्मचारियों ने टीआरएफ यूनियन अध्यक्ष व महामंत्री का किया अभिनंदन, प्रबंधन के प्रति जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टीआरएफ कंपनी के नवनियुक्त कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय व महामंत्री एम.एच.हीरामानेक को माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। रविवार को अभिनंदन के दौरान कर्मचारियों ने प्रबंधन व यूनियन के प्रति आभार प्रकट करते हुए भविष्य में पूरी निष्ठा से कार्य मे योगदान देने की बात कही। वही यूनियन के महामंत्री ने सभी कर्मचारियों बधाई दी। महा मंत्री हीरामानेक ने कहा कंपनी के सभी कर्मचारियों के धैर्य व निष्ठा का परिणाम है कंपनी सही दिशा की ओर अग्रसर हो रही है। मौके पर उन्होंने अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा संपूर्ण टीआरएफ परिवार कंपनी को बुरे दौर से बचाने के लिए अध्यक्ष का सदा ऋणी रहेगी। इस अवसर पर पाण्डेय ने कहा सभी लोगों के सहयोग से कंपनी अब पुरानी साख की ओर अग्रसर हो रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हर तरफ रौनक दिखने लगी है। उनके मार्गदर्शन में कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर काफी निवेश किया जा रहा है। वर्तमान में कंपनी की रूप रेखा ही बदल गई है। पाण्डेय ने कंपनी को बचाने व वर्तमान दिशा में लाने के लिए प्रबंधन के शीर्ष नेतृत्व को आभार जताया। पांडे ने कहा कंपनी परिसर व कांलोनी में बदलाव से कर्मचारियों में खुशी व विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कर्मचारीओ सुरक्षित रहकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रिया महतो व धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार सिंह ने किया। मौके पर ध्रमेन्द्र कुमार सिंहा, संजय कुमार, ध्रमेन्द्र कुमार, संजीत कुमार, विकास कुमार, संजय कुमार, शालू महतो, निशांत कुमार, लक्ष्मण कुमार, किशोर कुमार, आनंद कुमार, अजय उपाध्याय, गजेन्द्र कुमार, अनिल कुमार, संजय प्रमाणिक, हेमंत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। आगामी 4 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जिला कांग्रेस पार्टी का एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। रविवार को सर्किट हाउस में इसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री दलजीत सिंह बेदी ने दी। बेदी ने बताया लूट भाजपा के डीएनए में है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर व गरीबों को और गरीब बनाने में जुटी है। उन्होंने कहा आश्चर्य की बात नहीं देश के प्रधानमंत्री एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की। अत्यधिक वृद्धि के बाद चुनाव के नजदीक आते ही उन्हें जनता के दर्द का एहसास होने लगा। उन्होंने अचानक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए कम कर दी। दरअसल गैस की कीमत में 200 रुपए की कटौती चुनावी स्टंट है। उन्होंने कहा 2014 से लगातार रसोई गैस की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। पिछले सात वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। और अब 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। नौ वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 8 लाख 33 हजार 640 रुपये से ज्यादा की लूट की है। महंगी गैस, महंगा तेल, थोक व खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। उन्होंने कहा सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है। फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। अब तो आम जनता बेबस व लाचार है। उन्होंने कहा मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है। उन्होंने कहा जिला कांग्रेस केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी और देश की जनता को बतायेगी। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकार, सुरेश धारी, रामाश्रय प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में दो लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत बाजार के समीप ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में स्कार्पियो सवार दो लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान शिल्पी कुमारी (उम्र 30 वर्ष, पति पंकज वर्मा) और पंकज वर्मा (उम्र 30 वर्ष पिता महेंद्र वर्मा, ग्राम नवादा बिहार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार होकर कई लोग रजरप्पा से बिहार की तरफ जा रहे थे। कोडरमा बाजार के समीप एक ट्रक से टकरा जाने से दोनों घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया जहां इलाज चल रहा है। स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जंगीपुर उपासना केंद्र में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्दे पुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सतनाम जप, सत्यानु शरण पाठ व नारी नीति का पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुए सत्संगी राजकुमार ने कहा कि सत्संग जगत में दो सितम्बर का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि दो सितंबर 1946 को श्री श्री ठाकुर जी अपने कुछ शिष्यों के साथ देवघर आये थे। इसके बाद उन्होंने सत्संग नगर का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष दो सितंबर को आगमनी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। जगत के कल्याण के लिये समय समय पर मानव रूप में पुरुषोत्तम आते हैं। सत्संगी माला देवी ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी अवतारी मानव है। उनके द्वारा प्रदत्त नाम का अनवरत जाप करना चाहिये। कलियुग के लिये ईश्वर का नाम ही एक आधार है। इस नाम का स्मरण करने से ही मानव का कल्याण सम्भव है। ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने भी सत्संग व नाम की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुये उसके प्रभाव का वर्णन किया। आगामी 5 नवम्बर को श्री श्री ठाकुर जी के उत्सव को सफल बनाने के लिये तथा उस पर होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा की। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, श्रीकांत लाल, आयुष कुमार, शिवम कुमार, पीयूष कुमार, रीना जायसवाल, संध्या देवी, निर्मला जायसवाल, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, आकांक्षा, रानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो मानपुर पंचायत युवा मोर्चा कमेटी का गठन, गफ्फार अंसारी बने अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत में गढ़वा जिला युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू की अध्यक्षता में प्रखंड संयोजक रंका के द्वारा रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गफार अंसारी को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव अनवारूल अंसारी, कोषाध्यक्ष राजकुमार राम, उपाध्यक्ष दिलशाद अंसारी, हनान अंसारी, चंदीप कुमार रवि, एजाज अंसारी एवं हसिब अंसारी को बनाया गया है तथा इक्कीस सदस्य का चयन किया गया है। मानपुर पंचायत के मुखिया हासिम अंसारी, बीडीसी असमुदीन अंसारी, रंका युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भवनाथपुर के मजदूर की अहमदाबाद में बीमारी से मौत, शव पहुंचने पर गांव में पसरा मातम

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी निवासी मजदूर बिजेंद्र सिंह, पिता जगदीश सिंह की अहमदाबाद में कार्य के दौरान बीमारी से इलाज के क्रम में मौत हो गई थी, जिसका शव शनिवार को गांव मकरी कुंवर ठीका एम्बुलेन्स के द्वारा संवेदक द्वारा भेजा गया था। जहां शव पहुंचते ही परिजनों की चीत्कार से महौल गमगीन हो गया। रविवार को मुखिया सरिता देवी की पहल पर संवेदक राजकेश्वर भारती दुद्धि यूपी निवासी के द्वारा पन्द्रह हजार रुपये दाह संस्कार व एक लाख रुपये नगद मृतक की पत्नी प्रतिमा देवी को परिवार के भरण पोषण के लिए दिया गया। इस मौके पर मुखिया पति धनंजय साह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** केंद्र की मोदी सरकार के सुनियोजित लूट एवं चुनावी स्टंट पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कसा तंज, कहा

# रसोई गैस की कीमत में दो सौ रुपये की कमी चुनावी स्टंट और जनता के साथ छलावा

> पूंजीतंत्र की समर्थक केंद्र की मोदी सरकार को 2024 के आम चुनाव में देश की जनता सत्ता से उखाड़ फेंकेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केन्द्र की मोदी सरकार के सुनियोजित लूट एवं चुनावी स्टंट के विरोध में कांग्रेस पार्टी के गढ़वा जिला कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता और नेतृत्व में रविवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा रसोई गैस के कीमत में मात्र दो सौ रुपए घटाया जाना चुनावी स्टंट और जनता के साथ छलावा है। पिछले नौ सालों से केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने अमीर मित्रों का कर्ज माफ करते हुए एक षड्यंत्र के तहत आम जनता पर मंहगाई का बोझ डालकर डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम में बेतहाशा वृद्धि करके एवं अनाज, तेल, मशाला की कीमतों को अप्रत्याशित तरीके बढ़ाकर सुनियोजित ढंग से जनता को लूटने का का काम किया है। जिससे आम जनता त्राहिमाम कर रही है। देश का आवाम से मंहगाई रोकने, प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने, हरेक व्यक्ति के खाते में पंद्रह लाख पन्द्रह लाख देने, काला धन लाने जैसे बड़े-बड़े वादे करके केन्द्र की सत्ता पर काबिज होनेवाली केन्द्र की मोदी सरकार हरेक मोर्चे पर विफल है। कांग्रेस पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने प्रेसवार्ता में कहा कि किसान विरोधी, मजदूर विरोधी, लोकतंत्र विरोधी, संविधान विरोधी और पूंजीतंत्र की समर्थक केन्द्र की मोदी सरकार को 2024 के आम चुनाव में देश की जनता जनार्दन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए केन्द्र की सत्ता से उखाड़ फेंकेंगी।

प्रेसवार्ता के मौके पर जिला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, युवा नेता जफर एकबाल, इरफान अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मदरसा में खाना खाने से 19 बच्चों के बीमार होने के मामले की हुई जांच

> प्रथम जांच में यह घटना फूड पॉयजनिंग का लगता है : पुलिस इंस्पेक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** मदरसा के 19 बच्चे खाना खाने से बीमार हो जाने के मामला में रविवार को पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने मदरसा पहुंच कर पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल की। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रथम जांच में यह घटना फूड पॉयजनिंग का लगता है। अगर रैट कील जहर बच्चों के खाने में मिला होता तो पीड़ित बच्चे इतने जल्द स्वस्थ्य नहीं हो पाते। पुलिस ने मदरसे के सदर मोहम्मद इकबाल खलीफा, हाफिज अब्दुल माजीद, गुलाम मुतुर्जा अंसारी, बच्चे व रसोइया से कई विन्दुओं पर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि रेफरल अस्पताल मझिआंव में पीड़ित 19 बच्चों में से मात्र 4 से 5 बच्चों को ही स्लाइन दिया गया था। शेष बच्चों का कोई इलाज नहीं हुआ है। बाकी बच्चे ठीक थे। पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि पुलिस ने घटना का सनहा दर्ज कर लिया है। अगर मदरसा कमेटी या किसी अभिभावक के द्वारा थाना को आवेदन मिलता है तो पुलिस आवेदन के आधार पर जांच करेगी। मीडिया के द्वारा पूछे जाने पर कि बना हुआ भोजन की जांच के लिए सैंपल क्यों नहीं लिया गया? साथ ही मदरसा में पढ़ाई कर रहे 20 बच्चों में से 19 बच्चे ही भोजन किए एक बच्चा भोजन क्यों नहीं खाया? इस पर एसआई स्वामी रंजन ओझा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो जिस बर्तन में भोजन रखा हुआ था वह पूरी तरह खाली था। बर्तन को साफ कर रखा हुआ था। इसी वजह से भोजन का सेम्पल पुलिस नहीं ले सकी। उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों के बीच भोजन परोसने वाला कोई नहीं है। बच्चे स्वयं भोजन परोसकर खाना खाते हैं। दूसरी बात है कि एक बच्चा भोजन क्यों नहीं किया तो बच्चा से पूछने पर उसने बताया कि उसके पेट में दर्द था, जिस कारण वह भोजन नहीं किया था।

मदरसा के आंगन में खुले आकाश के नीचे चूल्हे पर खाना पका रही मदरसा की रसोइया खुशबून बीबी ने बताया कि मैं मदरसा में पिछले आठ वर्षों से बच्चों के लिए खाना बनाने का काम कर रही हूं। घटना के दिन भी मैं बच्चों के लिए दाल, चावल व सब्जी बनाकर कमरे के अंदर अच्छी तरह से ढक कर रख कर दूसरे जगह काम करने चली गयी थी। मैं गरीब महिला हूं एक जगह काम करने से परिवार नहीं चल सकता है। घटना कैसे घटी मैं नहीं बता सकती।

मदरसा सदर मोहम्मद इकबाल खलीफा ने घटना के विषय में बताया कि इतनी बड़ी घटना कैसे घटी मैं भी आश्चर्यचकित हूं। देखिये जांच पड़ताल चल रही है कुछ रिजल्ट निकल कर आ सकता है।

## 5 नवंबर को यादव महासभा का शताब्दी समापन समारोह भव्य तरीके से मनाने का निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मां उमा पैलेस चतरा में शताब्दी समारोह के समापन 5 नवम्बर को तैयारी के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास की अध्यक्षता एक बैठक रखी गयी। जिसमें मुख्य रूप से गढ़वा के जिलाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद यादव, पलामू जिला अध्यक्ष अजय यादव, महासचिव बालमुकुंद यादव, गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार यादव, प्रांतीय यादव महासभा गढ़वा के युवा जिला अध्यक्ष सोनू यादव शामिल हुए। इस मौके प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद यादव ने कहा कि 5 नवंबर को शताब्दी समारोह का समापन बहुत ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिसमें गढ़वा जिला से हजारों की संख्या में समाज के लोग चतरा जिला के लिए कूच करेंगे। जो भी बनेगा हर तरीके से सहयोग करेंगे। पूरा गढ़वा जिला यादव परिवार साथ देगा। चतरा के यदुवंशी बहुत ही सौभाग्य शाली हैं कि शताब्दी समारोह का समापन कार्यक्रम मनाया जा रहा है।


यहां एक से बढ़ कर एक प्रांतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय स्तर के यदुवंशी आएंगे। यहां के लोगों को सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि चतरा जिला के ही नहीं, पूरे देश के यादवों को एकजुट होने की जरूरत है, तभी हम लोगों की एक ही मांग अहीर रेजिमेंट की मांग संभव हो सकेगी। मंच का संचालन चतरा जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव ने किया।

मौके पर हजारीबाग जिला अध्यक्ष उमेश गोप एवं पलामू से रामदेव यादव, रंजन यादव, नीलम यादव, बलि यादव, अनिल यादव, अरुण कुमार यादव, विनय यादव, संदीप यादव सहित अन्य यादव परिवार के लोग शामिल थे।

## वेद रूपी कल्प वृक्ष का पका हुआ फल है भागवत : जीयर स्वामी

> गलत ढंग से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्री जीयर स्वामी ने नैमिषारण्य में सूत-सौनक संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति पर संत कृपा करते हैं, वह संसार का हो जाता है। सूत जी से ऋषियों ने प्रश्न किया कि सभी ग्रंथों के बाद भागवत की क्या आवश्यकता है? इस पर सूत जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि दूध से घी बनता है, लेकिन दूध से घी का काम नहीं होता। आम के वृक्ष से फल प्राप्त होता है, लेकिन पेड़ से फल का आनंद प्राप्त नहीं होगा। इसी तरह वेद का सार है भागवत। भागवत वेद रुपी कल्प वृक्ष का पका हुआ फल है। इस पर सभी का अधिकार है। कालान्तर में भगवान द्वारा लक्ष्मी जी को भागवत सुनाया गया। लक्ष्मी जी ने विश्वकसेन को, विश्वकसेन ने ब्रह्माजी, ब्रह्मा जी ने सनकादि ऋषि, सनकादि ऋषियों ने नारद जी, नारद जी ने व्यास जी, व्यास जी ने शुकदेव जी और शुकदेव जी ने सूत जी को सुनाया। बच्चा, बूढ़ा युवा और स्त्री सहित सभी वर्ग और धर्म के लोग इसका रसपान कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि गलत तरीके से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं। इन्हें संभालना मुश्किल होता है। लक्ष्मी का सदैव सदुपयोग होना चाहिए। जिस परिवार और समाज में लक्ष्मी का उपभोग होने लगता है। वहां एक साथ कई विकार उत्पन्न हो जाते हैं। अंततः वह पतन का कारण बनता है। स्वामी जी ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा को व्यास जी का अवतरण हुआ था। इसीलिए इस तिथि को गुरु-पूर्णिमा मनाने की परम्परा है। व्यास जी को नहीं मानने वाले भी गुरु-पूर्णिमा मनाते हैं। स्वामी जी ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं। जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो, वही गुरु है। गुरु का मन स्थिर होना चाहिए, चंचल नहीं। वाणी-संयम भी होनी चाहिए। गुरु समाज का कल्याण करने वाला हो और दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो। गुरु भोगी-विलासी नहीं हो। उन्होंने कहा कि गुरु और संत का आचरण आदर्श होना चाहिए।

### युवा समाजसेवी डॉ कुलदेव चौधरी ने किया अंश हेल्थ केयर फार्मेसी सेंटर का उद्घाटन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड से 10 किलोमीटर की दूरी पर गेरुआ पंचायत अंतर्गत बिछियादामर मेन रोड पर अंश हेल्थ केयर फार्मेसी सेंटर का उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी डॉ कुलदेव चौधरी, विशिष्ट अतिथि गेरुआ मुखिया अनिल कुमार चौधरी, वीआईपी के प्रदेश सचिव सह भावी विधानसभा प्रत्याशी मनदीप मल्लाह, वीआईपी गढ़वा जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, भवनाथपुर विधानसभा के भूतपूर्व प्रत्याशी दशरथ चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि इस मेडिकल को खुलने से स्वरोजगार के साथ-साथ समाजसेवा भी हो पायेगा। क्योंकि एक तरफ अपने परिवार को पालन पोषण करने के लिए रोजगार चाहिए तो दूसरी तरफ जब आपातकालीन स्थिति में कोई मरीज आता है और उसे प्राथमिक उपचार मिल जाये तो मरीज को लाभ तो मिलेगा ही लोग इसे समाजसेवा के रूप में भी देखते हैं। डॉ चौधरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज में काफी परिवर्तन आया है और लोग जागरूक भी हुए हैं। लेकिन अभी भी भूत-प्रेत, अंधविश्वास, नशापान, जुआ-ताश और अज्ञानता से दूर नहीं हो पाए हैं। शिक्षा के दम पर जाति-धर्म से उठकर जिंदगी जीने की नसीहत दी। अलग अलग क्षेत्र में व्यवसाय करके लोग आगे बढ़ रहे हैं, इससे सशक्त समाज की संकेत मिलती है। आशा है आनेवाली पीढ़ी के माध्यम से समाज में अचूक परिवर्तन दिखेगा। यह मेडिकल सेंटर खुलने से स्थानीय लोगों को काफी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। वहीं विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि कई गांव के बीच इस मेडिकल सेंटर खुल जाने से दिन रात कभी भी इमरजेंसी सेवा प्राप्त हो पायेगी। मौके पर मेडिकल के संचालक फार्मासिस्ट ओमकार चौधरी, एएनएम ज्योति कुमारी, चनरु चौधरी, शिक्षक दुलारू चौधरी, रामलाल चौधरी, नागेंद्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, कुलदीप चौधरी, शंकर चौधरी, कोमल चौधरी, रामनाथ चौधरी, अजीत कुमार, सुनील चौधरी, मुन्ना चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, विजय चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रखंड रसोइया संघ की बैठक में विभिन्न मांगों पर की गयी चर्चा



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले प्रखंड के रसोइया की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनिता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक व संरक्षक तैयब अंसारी ने कहा कि देश के सभी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को नियमितीकरण करते हुए बीस हजार रुपये मासिक मानदेय भुगतान किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि उम्र के आधार पर कार्यरत रसोइयों को निष्कासित किये जाने पर 5 लाख रुपये ग्रेच्युटी के रूप में नकद भुगतान व दस हजार रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था देश के सभी प्रदेशो में लागू होना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा रसोइयों के लिये नियमावली बनाकर रसोइयों को चतुर्थ श्रेणी का दर्जा देते हुये सभी सरकारी सुबिधा उपलब्ध कराने की मांग की। झारखण्ड प्रदेश संरक्षक व प्रभारी बखोरी राम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नियमावली बनाकर छात्र संख्या के आधार पर रसोइयों का चयन किया जाना चाहिये। जिलाध्यक्ष अनिता देवी ने प्रदेश सरकार से जिले के सभी विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर रसोइया की नियुक्ति तत्काल नहीं होने पर जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन करने को कहा। समाज सेवी सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव माणिक राम ने कहा कि रसोइयों के मान सम्मान व उनका हक दिलाने के लिये हमेशा ततपर रहूंगा। मौके पर भवनाथपुर प्रखंड संरक्षक अनिल कुमार यादव, जिला संरक्षक उदय यादव, कामेश्वर प्रजापति, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी उषा देवी, ज्ञानी देवी, केतार प्रखंड अध्यक्ष सीतामणी देवी, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी,खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी, चंद्रावती देवी, समुंद्री देवी, प्रमिला देवी,राजकुमारी कुंवर, देवंती देवी, कलावती देवी, सरस्वती देवी, मालती देवी, सबिता देवी, गीता देवी, कुंदती कुंवर, अनिता देवी, चिंता देवी, शर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में रसोइया उपस्थित थे। बैठक का संचालन उषा देवी ने किया।

**कार्यक्रम :** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति ने 13 शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालयों का अतुलनीय योगदान : अलखनाथ पांडेय

> आज के समय में सभी शिक्षकों को विषम परिस्थितियों में अपने आप को तैयार रखना होगा : एमपी केशरी

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 13 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सचिव एमपी केशरी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, अशोक विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। तत्पश्चात ब्राइट फ्यूचर स्कूल के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उपस्थित शिक्षकों और प्रबंधकों को संबोधित करते हुए समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कर्मठता और समर्पण के साथ योगदान दिया जा रहा है वह अतुलनीय है। श्री पांडेय ने कहा कि आप सभी शिक्षकों को धैर्य के साथ लगन पूर्वक अपने काम को बखूबी निभाना है। आपके काम की पहचान कर ऐसे अवसरों पर आपको सम्मान मिलता है, क्योंकि सरकारी स्तर से हमें किसी भी प्रकार का सम्मान और सहयोग की अपेक्षा नहीं है। वहीं समिति के सचिव एमपी केशरी ने कहा कि आज के समय में सभी शिक्षकों को विषम परिस्थितियों में अपने आप को तैयार रखना होगा। अपनी मेहनत को पूरी ईमानदारी के साथ करें ताकि छात्रों का भविष्य उज्जवल हो सके।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, समिति के उपाध्यक्ष सुशील कुमार केशरी, संजय सोनी, ललन साहू, यासीन मलिक आदि ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किये। मौके पर लक्की टीचर ड्रा का भी आयोजन किया गया, जिसमें ज्ञान निकेतन की खुशबू देवी लक्की टीचर बनीं। उन्हें अध्यक्ष द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के कुल 48 विद्यालयों से 300 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों में मुकेश कुमार सरस्वती ज्ञान मंदिर बिशुनपुरा, रमेश प्रसाद बाल विकास विद्यालय रंका, लालजी कुमार पांडेय महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय रमना, सुमंत कुमार यादव गांधी मेमोरियल स्कूल रमकंडा, अनुज कुमार गुप्ता मॉडर्न पब्लिक स्कूल नगर उंटारी, सुशील कुमार विश्वकर्मा एनटीसीए गढ़वा, महफूज आलम ओरिएंटल पब्लिक स्कूल बेलचंपा, रविंद्रनाथ उपाध्याय शांति निकेतन स्कूल तिलदाग, राजेन्द्र राम बाल शिक्षा निकेतन, बिशनपुरा, श्रीमती पूनम कुमारी मदर टेरेसा स्कूल सहिजना, राजेश पांडेय आरके पब्लिक स्कूल माझिआंव, अजय कुमार उपाध्याय ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल बेलचंपा, सविता देवी गांधी मेमोरियल हाई स्कूल चिनिया हैं।

मौके पर महेंद्र विश्वकर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रामानुज सिंह, दयानंद प्रसाद, अभय कुमार, संजीव कुमार, श्रवण कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार साह, अनिल विश्वकर्मा, पवन तिवारी, आनंद कुमार पंकज, कमलेश दुबे, सुधीर पाठक, दिलीप कश्यप, गजेंद्र साहू, नवल किशोर, संतोष कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार दुबे, तौहिद अंसारी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अशोक कुमार मेहता, विष्णु देव प्रजापति, मो. आदम अंसारी, चंद्रभूषण सिन्हा, वसीम अंसारी, शशिकांत पाठक आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन सचिव एमपी केशरी जबकि धन्यवाद ज्ञापन अशोक विश्वकर्मा ने किया। सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के तोरपा रोड स्थित कटहल टोली बस्ती में शनिवार की शाम एक युवक ने अपने घर में ही फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अनिकेत कुमार उर्फ पतंग (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मुरहू के गनालोया गांव निवासी अनिकेत शनिवार को कटहल टोली स्थित अपने मकान में अकेला था। इसी दौरान उसने घटना को अंजाम दिया। देर शाम जब उसके स्वजन घर पहुंचे, तो उसे फंदे से झूलते देख होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारा गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। खबर पाते ही खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजनों की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में खूंटी थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। रविवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

### एक ही दिन चार लोगों की मौत पर विधायक ने जताई संवदेना

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने रविवार को खूंटी में अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। विधायक प्रतिनिधि ने सभी मृतकों के घर जाकर अपनी संवेदना जताई। विधायक प्रतिनिधि ने बतया कि गनालोया गांव के अनिकेत महतो ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वाहन से गिरकर खूंटी के गोलू साहू की मौत हो गई। भाजपा के बूथ अध्यक्ष और माहित गांव के रहने वाले राजू बागती की मौत इलाज के दौरान गंगा अस्पताल में हुई। वहीं रूपचंद महतो ग्राम चट्टी निवासी की मौत इलाज के दौरान रिम्स अस्पताल में हुई। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में वे परिवार वालों के साथ हैं।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में लिए गये कई निर्णय



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के जिला कार्यालय में रविवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के खूंटी जिला प्रभारी स्त्यनारायण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ भाजपा के पथ प्रदर्शक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और मां भारती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। मेरे माटी मेरा देश से संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि एक से 15 सितंबर तक प्रत्येक गांव के पवित्र स्थान की मिट्टी का संग्रहण कर ब्लॉक स्तर पर गांव से लाए गए अमृत कलश को एकत्रित कर लिया जाएगा और कलशों में रखा जाएगा। इस मिट्टी को राज्य और केंद्र को भेजा जाएगा। इस मिट्टी को दिल्ली में बन रही अमृत वाटिका में उपयोग किया जाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष और संचालन महामंत्री विनोद नाग ने किया।

### पिपरवार में कोयला कर्मियों के वेतन और एरियर में त्रुटि का कामगारों ने किया विरोध

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया में कार्यरत कोयला कामगारों के मंथली वेतन और एरिया में त्रुटि होने पर कोयला कामगारों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। साथ ही मनमानी तरीके से काटे गए इनकम टैक्स का भी विरोध किया। इस दिन सुबह सीसीएल कर्मियों ने पिपरवार परियोजना में प्रथम पाली में विरोध करते हुए करीब दो घंटे तक काम बंद रखा। इसकी सूचना पाकर मौके पर सभी यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारी पहुंचकर मजदूरों को शांत कराये और प्रबंधन से वार्ता कर काम चालू कराया। मजदूर एवं यूनियन के नेताओं ने कहा कि इस वर्ष एरिया के भुगतान में काफी गड़बड़ी हुई है। इसलिए फिर से इसमें सुधार कर बिल बनाया जाए और 15 दिन के अंदर एरिया का भुगतान किया जाए। वहीं, प्रबंधन ने भी उक्त अविध में सुधार का आश्वासन दिया।

### ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में कई समस्याओं पर चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड़ बाजारटांड़ में रविवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विजय महतो और संचालन रचित गंझु ने किया। बैठक में स्थानीय विस्थापित ट्रक मालिकों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2021 मे तय किये गये भाड़ा का नगद भुगतान करने, पिपरवार और अशोक क्षेत्र के सभी विस्थापित ट्रक ऑनरो का एक समान सीरियल से ट्रक परिचालन करने, फॉर्मेट कांटा स्लिप बांटने के लिए अशोक एवं पिपरवार क्षेत्र के सभी कांटा घरों का फॉर्मेट एक जगह से सीरियल नंबरों से ट्रकों का कांटा प्रचलन के लिए एक जगह से स्लिप देने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी ट्रक मालिकों को एकजुट होने की अपील की गई। बैठक में रामबालक गंझु,वसीम उर्फ गोल्डेन, लियाकत अंसारी,अर्जुन महतो, सरवन महतो, अजय कुमार, देवनाथ कुमार आदि मौजूद थे।

### तमाड़ में मुंडा समाज की बैठक में लिए गये कई निर्णय

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** मुंडा समाज की बैठक रविवार को तमाड़ इंटर कॉलेज सालगाडीह में हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूर्ण चंद्र मुंडा ने किया। बैठक में 8 से 10 सितंबर को तीन दिवसीय आवासीय पाहान प्रशिक्षण टाटा नगर जमशेदपुर में किया जाएगा। जिसमें झारखंड से विभिन्न जिलों से मुंडा समाज के पाहान लोग प्रशिक्षण में भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए झारखंड मुंडा समाज के प्रबुद्ध बुद्धिजीवी शिक्षाविद् लखींद्र मुंडा, देवानंद मुंडा, सहदेव सिंह मुंडा, सिदाम मुंडा, विजय मुंडा, अनिल मुंडा, पूर्ण चंद्र मुंडा, दीना सानडील भूषण मुंडा, उदार कांत मुंडा, महेश मुंडा, रामधन मुंडा, पांडा मुंडा, लक्ष्मण पाहान आदि लोग लगे हुए है। बैठक में भी लोग शामिल हुए।

## दहशत: बाइक से आये तीन युवकों ने दिया घटना को अंजाम, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

# तमाड़ में गोली मारकर युवक की हत्या, एक गंभीर

**जमीन विवाद को लेकर हत्या किए जाने की आशंका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़/रड़गांव।** तमाड़ थाना अंतर्गत नक्सल प्रभावित आराहंगा गांव के निकट लगने वाले बाजार में शनिवार की शाम बाइक से आए तीन हमलावरों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान डुडू मुंडा के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में श्रवण मुंडा नामक युवक गंभीर रूप से घायल है। रांची स्थित रिम्स अस्पताल में उसकी इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम बाजार में डुडू मुंडा मुर्गे की दुकान लगाकर मीट काट रहा था। उसके बगल में ही श्रवण मुंडा नामक युवक भी दुकानदारी कर रहा था। तभी एक बाइक पर सवार तीन युवक आये और डुडू मुंडा के पास पहुंच कर उससे झगड़ा करने लगे। बात हाथापाई तक पहुंच गई। किसी के कुछ समझ पाने से पहले ही हमलावरों ने डुडू मुंडा को पहले गोली मारी उसके बाद उसका गला रेत कर हत्या कर दी। यही नहीं, हमलावरों ने पास बैठे श्रवण पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया। श्रवण के पेट में चालू मारने के बाद गोली मारी गई है। इसके बाद फिल्मी अंजाद में बंदूक लहराते हुए हमलावर वहां से बाइक से कुचाई की तरफ भाग निकले। उनके जाने के बाद ग्रामीण डुडू और श्रवण को उठाकर रिम्स अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने डुडू को मृत घोषित कर दिया। दोनों कुचाई थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है। दूसरी ओर डुडू मुंडा की पत्नी ने बताया कि उनलोगों का जमीन संबंधी विवाद है। कई बार उन लोगों को जान से मारने की धमकी मिल चुकी थी। गौरतलब है कि हमलावरों ने जहां घटना को अंजाम देने के बाद कुचाई की ओर भागे वो तमाड़ व कुचाई थाना क्षेत्र के बॉडर पर है। जबकि तमाड़ थाना से घटनास्थल की दूरी 25 किलोमीटर है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी के गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## अंधविश्वासी युवक ने मां-बेटी पर किया टांगी से जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**जादू-टोना के चलते घर व उसकी माली हालत खराब होने का था अंधविश्वास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के मुरहू थानांतर्गत भोंडा गांव निवासी सुकरमनी धनवार (55) और उसकी बेटी मोनिका नाग (30) पर पड़ोस में ही रहने वाले रौकन नाग नामक युवक ने टांगी से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को मुरहू थाना पुलिस के सहयोग से स्थानीय लोगों द्वारा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पीड़ित मां-बेटी अपने घर में खाना बनाने की तैयारी में जुटी थी। तभी पड़ोसी आरोपित रौकन नाग धारदार टांगी लेकर उनके घर में घुस गया। जब तक दोनों कुछ समझ पाती, रौकन ने दोनों पर टांगी से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। इस घातक हमले में मोनिका नाग के सिर और आंख में गंभीर चोट लगी है। जबकि सुकरमनी धनवार के पेट और चेहरे में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित रौकन नाग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसे संदेह था कि मां-बेटी ने कुछ जादू टोना कर दिया है, जिस कारण आरोपित के घर की माली हालत में सुधार नहीं हो रहा है। इसी अंधविश्वास के कारण उसने दोनों मां-बेटी पर जानलेवा हमला किया।

## दिल्ली जाने के क्रम में तमाड़ पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** केंद्रीय जनजागरण मामलों के मंत्री सह खूंटी के भाजपा सांसद अर्जुन मुंडा रविवार को दिल्ली जाने के क्रम में एक होटल में पहुंचे। वहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान 11 सितंबर को अड़की के जोजोहातू हाई स्कूल में आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह में भी शामिल होंगें। इसी दिन उक्त विद्यालय को चार कमरे की सौगात भी देंगे। वहीं, लोगों ने केंद्रीय मंत्री से सलगाडीह से बारीगाडा सड़क के हालात से अवगत कराया। तब केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक पहल करने की बात कही। उसी दिन तमाड़ के राजीव गांधी भवन में महिला मंडली के साथ भी रूबरू होंगे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, डॉ अभिषेक मुंडा, सागर मुंडा, दीपक राम सिंह मुंडा, संजय महतो आदि उपस्थित थे।



### रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक रविवार को डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता और संचालन रामलखन गंझू ने किया। बैठक में एनके एरिया के सभी शाखा में मोर्चा की सदस्यता बढ़ाने एवं रैयत विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा की गई। मोर्चा द्वारा एनके प्रबंधन को दिए गए 31 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। मोर्चा ने प्रबंधन द्वारा रैयत विस्थापितों की समस्या के समाधान के लिए किए गए पहल पर चर्चा की। इसके अलावा मोर्चा का स्थापना दिवस 21 सितंबर को एनके एरिया में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं, तुरी समाज के धार्मिक स्थल पर सीसीएल प्रबंधन की ओर से किए गए कार्रवाई की निंदा की गई। मोर्चा के अध्यक्ष बिगन भोगता ने कहा कि मोर्चा ने स्थानीय रैयत विस्थापितों को जगाने का काम किया है, ताकि रैयत विस्थापित अपना हक अधिकार ले सके। बैठक में जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, नरेश गंझू, विनय खलखो, दामोदर गंझू, नरेश यादव, शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझु, कन्हाई पासी, सुनील यादव, श्यामजी महतो, कमलेश तुरी, राजेश तुरी, भुनेश्वर गंझू, वीरेंद्र यादव, दिलेश्वर महतो आदि थे।

## अरुण सिंह अध्यक्ष व संतोष मेहता बने सचिव

**डकरा बी टाइप दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** डकरा बी टाइप दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार की शाम ए टाइप डकरा स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए एक कमेटी का गठन किया गया है। नवगठित कमेटी में अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह व सचिव संतोष मेहता होंगे। कमेटी के मुख्य संरक्षक महाप्रबंधक संजय कुमार, ललन प्रसाद सिंह, रघुवंश नारायण सिंह व कमलेश कुमार सिंह, संरक्षक क्षेत्र के सभी स्टाफ अधिकारी, क्षेत्र के सभी परियोजना पदाधिकारी, क्षेत्र के सभी एसीसी सदस्य, डीपी सिंह, प्रमोद पाठक, सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश राय, मनोज सिंह, सत्यनारायण चौबे, हरेंद्र सिंह, रंजित सिंह, शशि सिंह, संटू सिंह, कमलेश चौहान, महासचिव गोल्डन प्रसाद यादव, रंजन सिंह, भूषण सिंह, सहसचिव राजेश सिंह, राजू कुमार सिंह, शैलेश सिंह, प्रवीण यादव, राम सिंह, विक्की यादव, दीपक थापा, आदित्य, संगठन मंत्री बबली सिंह, गुड्डू सिंह, रघुवीर, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार झा, अनिल कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष गौतम झा, मुख्य सलाहकार धर्मेंद्र नाथ सिंह उर्फ मुन्नू, राहुल कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राजा सिंह, दीपू थापा, बिट्टू सिंह, मनोज सिंह, विकास सिंह, उज्जवल सिंह,ओम प्रकाश, परमा, आकाश सिंह, किशन,गुलशन, शंकर, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार, धीरेंद्र सिंह, विनीत कुमार, संजय गुप्ता को बनाया गया है।

### दो साल से जलमिनार खराब, लोग परेशान

**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रड़गांव पंचायत के बोरडीह गांव में जलमिनार विगत दो वर्षों से खराब है। जिसे बनाने वाला कोई नहीं है। जलमिनार पांच वर्षों तक के लिए वारंटी में है, फिर भी नहीं बन पा रहा है। ना ही किसी को पता है कि किस ठेकेदार ने टेंडर लिया था। गांववालों का कहना है कि जबसे जलमिनार बना है हमें कभी भी इसका लाभ नहीं मिला है । जनता तक लाभ पहुंचाने के लिए सरकार तो हर संभव प्रयास कर रही है पर जो सरकारी योजना का टेंडर ले रहे हैं वे ही ठीक के काम नहीं करवा रहे। कई बार आवाज उठाई गई, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।

### झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-19 स्टेट कैंप में हुआ बुंडू की छात्रा काजल का चयन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 11वीं की छात्रा काजल कुमारी का चयन झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-19 स्टेट कैंप में हुआ है जो आगामी पांच सितंबर से बोकारो में आयोजित होगा। यह स्टेट कैंप का आयोजन बीसीसीआई अंडर-19 के झारखंड स्टेट टीम के सिलेक्शन के लिए हुआ है। काजल कुमारी के चयन पर पूरे क्षेत्र एवं विद्यालय परिवार में हर्ष है। काजल कुमारी इसके पहले भी बीसीसीआई अंडर-15 के झारखंड स्टेट टीम में खेल चुकी है। जिसका आयोजन पूर्व में ग्वालियर में हुआ था। काजल के पिता राजेंद्र महतो एवं मां बंदिनी देवी खलारी के राय गांव के रहने वाले हैं। पिता खदान में मजदूरी एवं चालक का काम करते हैं। बतातें चलें कि काजल सहित बुंडू कस्तूरबा विद्यालय की 60 छात्राएं विद्यालय कैंपस टीटीसी ग्राउंड में संचालित सोनेट क्रिकेट क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। सोनेट क्रिकेट क्लब के निदेशक जीतू कुमार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## रमेता गांव में एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल से बढ़ती है प्रतिस्पर्द्धा की भावना : नीलकंठ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा रविवार को रेमता युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रेमता पहुंचने पर गांव वालों और आयोजन समिति के सदस्यों ने पारंपरिक तरीके से विधायक का स्वागत किया। वहीं, विधायक ने उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूर्नामेंट की शुरूआत की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि रेमता युवा क्लब की ओर से प्रतिवर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कई खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में अपने राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खेल से शरीर तो स्वास्थ रहता ही है, इससे अनुशासन और प्रतिस्पर्द्धा की भावना भी बढ़ती है। इस मौके पर रेमता युवा क्लब के अध्यक्ष कृतिवास मुंडा, देवानंद मुंडा, महेंद्र मुंडा, गुलशन मुंडा, जयश्री मुंडा, हरिनाथ मुंडा, लीलू पाहन, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला भाजपा के महामंत्री विनोद नाग, जिला सोशल मीडिया के प्रभारी रूपेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### अर्जुन मुंडा का कार्यक्रम स्थगित

रेमता फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में केंद्रीय जनजातीय मामलो के मंत्री अर्जुन मुंडा को भी भाग लेने वाले थे, लेकिन भारी बारिश के कारण रविवार को उनका खूंटी दौरा स्थगित कर दिया गया। यह जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दी।

## गेंदा फूल की खेती कर लखपति बनेंगे खूंटी के किसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दुर्गापूजा, दीपावली और छठपूजा सहित अन्य त्योहारों में मंदिरों और घरों को सजानेवाले गेंदा फूल की खेती खूंटी के किसानों के लिए आय का बहुत ही अच्छा स्रोत बनता जा रहा है। खूंटी जिले के किसानों द्वारा किये जा रहे गेंदा फूल की खेती त्योहारों में बाजार और घरों को गुलजार करता रहा है। किसान गेंदा फूल की खेती की तैयारी लगभग ढाई महीने पहले शुरू कर देते हैं। किसानों को गेंदा फूल की खेती में मदद के लिए फिक्की आदित्य बिरला सेंटर फॉर एक्सीलेंस, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और प्रदान के सहयोग से बनी सहकारी संस्था झरिया महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, मुरहू खूंटी महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड खूंटी और अड़की महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से गेंदा फूल के 15 लाख पौधों का वितरण मुरहू, खूंटी और अड़की प्रखंड के 800 किसानों के बीच किया गया है। सूखे की आशंका को देखते हुए किसान गेंदा फूल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रदान की ओर से किसानों को इसकी खेती का प्रशिक्षण तकनीकी मदद दी जा रही है। झरिया महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की सीइओ एकता कुमारी के निर्देश पर किसानों को प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रदान की कविता बोदरा बताती हैं कि इस साल वर्षा कम हुई है। इस कारण खेत की उपरी जमीन खाली है। उसमें गेंदा फूल की खेती कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक एकड़ जमीन के लिए किसान को 10 हजार पौधे की आवश्यकता होती है। पूरी खेती में किसान को 20 हजार रुपये तक का खर्च आता है, जबकि दुगार्पूजा, दीपावली, छठ तक वे दो लाख रुपए तक की आमदनी कर सकते हैं। पौधा वितरण के मौके पर एकता कुमारी, निशा सुरीन, कविता बोदरा, आदर्श कुमार, रीडा लोहरा, दीपा कुमारी, पम्मी, रूपू, एस्बिना, सोनाली आदि मौजूद थे।



### 50 लाख रुपये के कारोबार की उम्मीद

जेएसएलपीएस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 500 एकड़ क्षेत्रफल में गेंदा फूल की खेती की जा रही है। कहा कि 25 लाख पौधों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि गेंदा फूल की खेती में 400 से अधिक परिवार जुड़े हैं। जिले के हेठगोवा, बाघमा, कोड़ाकेल, साड़ी गांव, इंदीपवीड़ी, सेनेगुटू, तारो, सिलादोन, दुलमी, डाड़ीगुटू, जोरको, कोश, तोड़ांग, तिरला, सारिदकेल, दियांकेल, तोरपा सहित अन्य क्षेत्रों में गेंदा फूल की खेती की गई है। वैसे तो बरसात शुरू होने के साथ ही गेंदा फूल के पौधे लगाये जाते हैं। फसल को तैयार होने में ढाई से तीन महीने का समय लगता है। एक एकड़ खेत में गेंदा फूल की खेती करने में मात्र पांच से छह हजार रुपये की लागत आती है, जबकि इससे दो से तीन लाख रुपये तक की आमदनी हो जाती है। अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ में खूंटी जिले में गेंदा फूल के 50 लाख रुपये के कारोबार की उम्मीद है।

## अनगड़ा के चतरा में 'बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति' गठित की गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड अंतर्गत चतरा पंचायत के बिनोद बिहारी महतो मोड़ में रविवार को पूर्व मुखिया सोहन मुंडा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई।

बैठक में झारखंड अलग राज्य आंदोलन की नींव रखने वाले तथा पढ़ो और लड़ो का नारा देकर अमर होने वाले बिनोद बिहारी महतो को नमन किया गया तथा सर्वसम्मति से झारखंड के पितामह 'बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति' का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष संतोष महतो, सचिव रोहित कुमार महतो, उपाध्यक्ष रमेश मुण्डा, कोषाध्यक्ष आकाश कुमार महतो, मुख्य संयोजक बसंत महतो, संयोजक नरेश महतो, बनमाली महतो, राजेश मिश्रा, राजेश हजाम, संरक्षक कृष्णा पहान, सोहन मुण्डा, रामकृष्ण महतो, नवीन नायक एवं हसरत महतो चुने गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजय महतो, छोटेलाल महतो, आशीष वर्मन, राकेश माली, दीपक कुमार साहू, संतोष सिंह, दिनेश कुमार महतो, दिलीप ठाकुर, दीपक महतो, अमरनाथ महतो, निखिल महतो, राकेश महतो, रवि रंजन सिंह सहित अन्य का चुनाव किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो एवं सुमित कुमार महतो ने सरकारी अभिलेख में बिनोद बिहारी मोड़/चौक नामकरण करने की मांग मुख्यमंत्री से की। मौके पर आगामी 23 सितंबर को बिनोद बिहारी महतो के जन्म दिवस के अवसर पर ईईएफ मैदान में एक संगोष्ठी आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## टाटी एवं सुरसू पंचायत में संयुक्त रूप से मनाया जायेगा करमा मिलन पूर्व संध्या कार्यक्रम



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर सुरसू एवं टाटी पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में करमा मिलन पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन टाटी सिंगारी में किया जाना है। इसके लिए रविवार को टाटी सिंगारी स्थान गैसीफायर में बंधुवाडीह ग्रामप्रधान बालेशवर बेदिया की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक- सुमित्रा देवी, मुखिया सुरसू, रामानन्द बेदिया, मुखिया टाटी, सहदेव बेदिया, मुखिया कुच्चू, सलाहकार मकर सिंह मुण्डा, एतवा बेदिया, बालेशवर बेदिया, सुखलाल बेदिया, श्यामसुन्दर बेदिया, अध्यक्ष दिनेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनसू बेदिया, सचिव महाबीर बेदिया, सह सचिव राजू बेदिया, सदस्य चिराग बेदिया, राहुल बेदिया, दिनदयाल बेदिया, अजय बेदिया, सीताराम बेदिया, कलेशवर बेदिया, फागू बेदिया, मदन बेदिया, अरविंद बेदिया बनाये गये। बैठक में तिजू बेदिया, सुखदेव लोहरा, कमलेश रजवार, बालेशवर बेदिया, प्रभाकर बड़ाईक, रंजीत लोहरा, महादेव उरांव, अनिल उरांव सावना बेदिया, मनीष बेदिया आदि के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## अचानक आये तूफान से हुंडरू फॉल स्थित झोपड़ीनुमा दुकानदारों को हुआ नुकसान



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रविवार की दोपहर में अचानक आये तूफान ने हुंडरू स्थित झोपड़ीनुमा होटलों को काफी क्षति हुई है। जानकारी के अनुसार लगनू बेदिया अपनी पत्नी के साथ अपने झोपड़ीनुमा होटल में बैठे हुए थे। तभी अचानक तुफान आया, जिससे होटल की छप्पर उड़कर गिर गयी। इस घटना में पति पत्नी बाल बाल बच गये।

## वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।**ओरमांझी सिकिदिरी गोला सड़क के ईद मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में ढेलुवाखुटा निवासी 50 वर्षीय जगनु मुंडा घायल हो गया। घटना रविवार शाम सात बजे की है। जानकारी के अनुसार जगनु मुंडा ईद मोड़ से ढेलुवाखुटा पैदल सड़क किनारे से जा रहा था। उसी क्रम में रांची से गोला की ओर जा रही एस कोडा जेएच 01ई एफ 1173 ने जगनु मुंडा को अपने चपेट में ले लिया। जिससे जगनु मुंडा का एक पैर टूट गया और जगनु मुंडा घायल होकर सड़क किनारे गिर गया। सिकिदिरी पुलिस को सूचना मिलने पर इलाज के लिए जगनु को रांची रिम्स भेजा और गाड़ी को जब्त कर थाने ले गई है।

## सरना समिति की बैठक में बेड़ो में 23 सितंबर को धूमधाम से करम पूर्व संध्या मनाने का निर्णय



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो में करम पूर्व संध्या मनाए जाने को लेकर महादानी परिसर स्थित झखरा कुम्बा में रविवार को सरना समिति की एक बैठक अनिल उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जहां सरना समिति बेड़ो के अनिल उरांव बताया कि आगामी 23 सितम्बर दिन शनिवार को सरना स्थल महादानी मैदान रंगमंच में करम पूर्व संध्या का आयोजन किया जाएगा। जहां सरना समाज के लोग अपने पारंपरिक वेश भूषा,नृत्य गीत के साथ करम पूर्व संध्या में अपने-अपने खोड़हा दल के साथ प्रस्तुति देंगे। बैठक में मुख्य रूप से जल्ही उरांव, चुमानी उरांव, बन्नु भगत, आशा उरांव, पुनिता उरांव, सुकरा उरांव, चारो उरांव, पुनम तिर्की, जिंगवा भगत, अशोक खलखो, सुमन लकड़ा, सुषमा उरांव, मंगरी उरांव, सुखमनी उरांव, मालती उरांव, रितु मिंज, वरुणा व सरोज उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

**बैठक :** टाइगर जयराम की बदलाव संकल्प सभा को लेकर जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के प्रभारी किये गये नियुक्त

# अनगड़ा प्रखंड से करीब 10 हजार झारखंडी होंगे शामिल : मुन्ना मुंडा

**झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की अनगड़ा में हुई बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**अनगड़ा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की आगामी 17 सितंबर को ईईएफ मैदान टाटीसिलवे में आयोजित बदलाव संकल्प सभा को ऐतिहासिक बनाने तथा भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने को लेकर चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान का पड़ाव रविवार को अनगड़ा डाक बंगला में हुआ। जिसकी अगुवाई कट्टर झारखण्डी मुन्ना मुण्डा ने की। बैठक में मुख्य रूप से संकल्प सभा में प्रखंड से भारी तादात में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने को लेकर चर्चा करने के साथ संगठन का विस्तार किया गया। मौके पर मुन्ना मुण्डा ने कहा कि टाईगर जयराम महतो समस्त झारखंडवासियों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसे कथित राजनीतिक दलों के लोग जातीय लड़ाई बताकर झारखंडियों को बांटने की कोशिश में लगे हैं, पर राज्य की जनता अब उनके मंसूबे को समझ चुकी है। उन्होंने एलान किया कि इस संकल्प सभा में प्रखंड से करीब 10 हजार लोग पारंपरिक वेश-भूषा के साथ शामिल होंगे।

मौके पर इस बदलाव संकल्प सभा के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रभारी आंदोलनकारी छात्र नेता देवेन्द्रनाथ महतो एवं कैप्टन जुगेश मुण्डा को, प्रखंड प्रभारी मार्शल महतो, बालेश्वर बेदिया, सुरेश महतो, फलिन्द्र करमाली, राकेश महतो, चंदन कुमार महतो, राजगीर करमाली, नरेश महतो, नरेश महली, जिम्मी महली, बसंत करमाली, सुनील महतो एवं गोपाल महतो को, मीडिया प्रभारी रूपेश महतो एवं मोतीलाल महतो को बनाया गया। इसके अलावा दर्जनों लोगों को पंचायत प्रभारी का दायित्व दिया गया।

बैठक में झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो, सुमित कुमार महतो, रामपोदो महतो, राजेश महतो, बीरबल महतो, सुधांशु महतो, प्रियरंजन महली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 13 को जोन्हा में जुटेंगे जिला भर के आदिवासी संगठन और प्रबुद्धजन

**विश्व आदिवासी अधिकार दिवस समारोह की तैयारी को लेकर जोन्हा में की गयी बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** 13 सितंबर को जोन्हा में आयोजित विश्व आदिवासी अधिकार दिवस समारोह की तैयारी को लेकर रविवार को जोन्हा में आदिवासी अधिकार विकास मंच की एक बैठक राजू उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आदिवासी अधिकार दिवस समारोह को पारंपरिक ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि इस कार्यक्रम में जिला स्तर के तमाम आदिवासी संगठन, शिक्षाविद् एवं प्रबुद्धजनों को भी आमंत्रित किया गया है, जो आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार एवं पेसा कानून के बारे में लोगों को बताएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष रिझुवा मुण्डा, उपाध्यक्ष सोमरा उरांव, खेतू बेदिया, गणपति, महासचिव विषम शाही, सचिव रवि उरांव, सहसचिव रिझु बेदिया, संगठन सचिव राजू उरांव, कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, संगठन मंत्री अजीत बेदिया, बंधन भोगता, मीडिया प्रभारी विनोद उरांव, मुख्य संरक्षक हरदयाल मुण्डा, बिरसा तिर्की, कीरता उरांव, विशु उरांव, संजय मुण्डा, रमेश बेदिया, विनोद उरांव एवं महिला संरक्षक सीमा देवी चुने गयीं।

बैठक में रिझुवा मुण्डा, कृष्णा मुण्डा, बीरू उरांव, हरदयाल मुण्डा, विनोद उरांव, रवि उरांव, बिरसा उरांव, संजय मुण्डा, विषम शाही मुण्डा, संजय भोगता, सालीकराम मुण्डा, अघनु मुण्डा, सुकरा उरांव, विशु उरांव, प्रेम उरांव, मधु लोहरा, सोमरा उरांव, प्रदीप खलखो, दुलाल बेदिया, सीमा देवी, सुनिता देवी आदि मौजूद थे।

## 10 को हुसैनी इमामबाड़ा मैदान प्रेमनगर में नुमाइशी अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन

**मुहर्रम एक्शन कमेटी की बैठक में संचालन समिति का किया गया गठन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** मुहर्रम एक्शन कमेटी बरसा, बसिला, एड्चोरो और प्रेमनगर नगड़ी की बैठक रविवार को समाजसेवी हाजी रकीब की अध्यक्षता में प्रेम नगर स्थित हुसैनी इमाम बाड़ा में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 सितंबर को प्रेमनगर स्थित हुसैनी इमामबाड़ा मैदान प्रेमनगर में नुमाईशी अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया जाएगा।

आगामी 10 सितंबर रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

मौके पर इसके संचालन के लिए सर्वसम्मति से एक संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें सदर यासीन अंसारी, सेक्रेटरी जाकिर अंसारी, कोषाध्यक्ष माहिर अंसारी, निगरां मंजूर अंसारी, सहायक में नुरुल होदा अंसारी और समसुल हक को बनाया गया। जबकि सदस्य में कयूम अंसारी, जाकिर, इब्राहिम, सुभान अंसारी, रियासत अंसारी, अख्तर अंसारी, इकबाल अंसारी सहित कई लोगों को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है।

मौके पर पदाधिकारियों ने बताया कि इस नुमाईशी अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता में रांची जिला सहित कई जिला के अखड़ाधारी नुमाईशी अस्त्र शस्त्र प्रततियोगिता में भाग लेंगे।

## लूट की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** एसएसपी रांची को गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि पुराना विधानसभा के पास दो अपराधी किसी को लूटने की योजना बना रहे हैं। इसी क्रम में क्यूआरटी की टीम और नगड़ी पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। उनके पास से एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी, जिसे जगरनपुर थाना को सौंप दिया। साथ ही हथियार भी इनके पास था लेकिन उसे कहीं फेंक दिया। जानकारी के अनुसार दोनों अपराधी धुर्वा क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हालांकि नगड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि ये दोनों आपस में ही लड़ाई कर रहे थे। पुलिस उठाके नगड़ी थाना लायी है। अभी इन लोगों से पूछताछ करने के बाद ही विस्तृत जानकारी मिल पायेगी।

**बैठक :** श्री सिद्धिविनायक पूजा समिति ने गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

# पूजा संचालन समिति का किया गया गठन

**अध्यक्ष आदित्य केशरी, कार्यकारिणी अध्यक्ष शुभम राज व महामंत्री रवि केशरी बनाये गये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** श्री सिद्धिविनायक पूजा समिति पिस्का नगड़ी में आगामी गणेश महोत्सव को सफल बनाने को लेकर रविवार को युवा व्यावसायी शुभम राज की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके संचालन के लिए सर्वसम्मति से एक संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक भोला चौधरी, राजेश केशरी, राकेश केशरी, रामगति केशरी (छेदी), रामेश केशरी, देवानंद केशरी (देवा), विनोद केशरी (केबी), शिवशंकर केशरी, संजय केशरी (मंटू) कमलेश केशरी (प्रेस), अवधेश केशरी (हरिनंद), भूषण केशरी, दीपक केशरी (घर संसार), अलोक केशरी, गौरीशंकर केशरी, संतोष केशरी, मोहन केशरी आदित्य केशरी संजीव केशरी (एलआईसी) संजीव केशरी (किताब), मुख्य पूजा संचालक गौरव राज, अध्यक्ष आदित्य केशरी, कार्यकारिणी अध्यक्ष शुभम राज, महामंत्री रवि केशरी (संत ओंकर), उपसचिव हिमांशु चौधरी, कोषाध्यक्ष नवनीत केशरी, सह कोषाध्यक्ष विशाल केशरी, उपाध्यक्ष शक्ति केशरी (एसबीआई), राहुल केशरी, प्रभाकर केशरी (टोनी), दिवाकर चौधरी, दिवाकर केशरी, निशांत केशरी, कुलदीप केशरी, बालचंद केशरी, नीरज बैठा, संतोष केशरी, सत्यम केशरी, सूरज केशरी, संगठन मंत्री प्रतीक चौधरी, संतोष गुप्ता, अभिनाश केशरी, ऐश राज, कुणाल कुमार, अभिषेक केशरी, प्रभात केशरी, उज्जवल केशरी, शुभरांत केशरी। मंत्री अतुल केशरी, आयुष केशरी, प्रिंस केशरी (रौनक), प्रिंस चौधरी, दुर्गेश केशरी, प्रियांश केशरी, आदेश केशरी, सचिन केशरी, विक्की केशरी, अमन केशरी, तेजस केशरी।

सदस्य वैभव केशरी, हरशित केशरी, अनमोल चौधरी, अनुपम केशरी, कन्हैया केशरी, अभिनव चौधरी, रूद्र केशरी, हनी केशरी, स्वस्तिक केशरी, जयवीर केशरी सहित एक-सौ एक कार्यकारणी सदस्यों का चयन किया गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## चुटूपालु में किसान सभा सह प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुटूपालू लैम्पस परिसर में रविवार को इफको रांची व चुटूपालू लैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय किसान सभा सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के किसानों को इफको के नेशनल मार्केटिंग मैनेजर यूके सिंह, रीजनल मैनेजर चन्दन कुमार, स्टेट मार्केटिंग मैनेजर सुमन पात्रा ने खेती के नये तकनीक व उर्वरक का संतुलित उपयोग करने के साथ खेती को लाभकारी बनाने की जानकारी दी। किसानों को नयी तकनीक के साथ खेती करने को प्रेरित किया। सभा का संचालन चुटूपालू लैम्पस के सचिव चन्द्र मोहन महतो व अध्यक्षता लखन बेदिया ने किया। प्रशिक्षण शिविर में जयडीहा पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोगता, कृषक मित्र खेलू महतो, भीम मुण्डा, विपत करमाली, जलेश्वर बेदिया, जेठू बेदिया, साईनाथ बेदिया, गोपाल बेदिया, उमेश सहित काफी संख्या में कृषक मित्र व किसान उपस्थित थे।

## कुड़मी विकास मोर्चा की बैठक में 28 सितंबर को करमा पर्व मनाने का निर्णय



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रविवार को अंचल मैदान ब्लॉक चौक ओरमांझी में कुड़मी विकास मोर्चा की बैठक ओरमांझी के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार महतो की अध्यक्षता की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 28 सितंबर 2023 दिन गुरुवार को करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें दर्जनों गांव के लोग अखाड़े में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ महोत्सव में शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से आकाश महतो, हरिश महतो, अंबिका महतो, मनोज कुमार, आनन्द महतो, अलखनाथ महतो, रामनंदन महतो, विराट महतो, सरदीप महतो, सरवन महतो, उमेश महतो, तारकेश्वर महतो, गुलशन कुमार, बालकिशन महतो सहित सैकड़ों कुडमी समाज के लोग उपस्थित थे।

## टाइगर जयराम की बदलाव संकल्प सभा को लेकर चलाया जा रहा है जनसंपर्क अभियान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाईगर जयराम की ईईएफ मैदान में बदलाव संकल्प सभा को लेकर गांव-गांव में में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को क्रांतिकारी नेता सुमित कुमार महतो ने पुराना चतरा, पाहन टोली, भंडार टोली, आदि गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाते हुये कहा कि राजनीति कर रही पार्टियों ने बारी-बारी से झारखंडियों को लूटा है। अब समय आ गया है कि टाईगर जयराम के नेतृत्व में सभी झारखंडी एकजुट होकर सभी दलों को जड़ से ऊखाड़ फेंकने का काम करें, तभी झारखंडियों को अपनी पहचान और हक-अधिकार मिलेगा।

## इटकी से मोटरसाइकिल की चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रानीखटंगा गांव में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल की चोरी कर ली। इस संबंध में मोटरसाइकिल मालिक गोयंदा मिंज द्वारा थाना को लिखित सूचना दी गयी है। जानकारी के अनुसार टीवीएस कंपनी की अपाची मॉडल की उक्त मोटरसाइकिल नं. जेएच 01 बीएच -3742 गोविंदा अपने घर के बरामदे में ही रखता था। चोरों द्वारा मोटरसाइकिल की रेकी कर चोरी की गई होगी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भादो महीना की पहली बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग में भादो की पहली बारिश से यहा के किसानों में खुशी से चेहरे खिल उठे। लापुग में जून की अंतिम माह में वर्षा होने के बाद बारिश दो माह से नहीं हुई थी, जिससे किसान चिंतित थे। लापुंग के ककरिया, लालगंज, महुगाव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जो भी धान की रोपनी हुई थी उसमें दरार पड़ गए थे। वर्षा होने से किसानों के धान की रोपनी में जान आ गयी और किसान खुशी से झूम उठे। अभी भी किसानों के 60-65 प्रतिशत खेतों में रोपनी नहीं हुई है।

## मजलिसे सूरा की बैठक में प्रखंड स्तरीय कमेटी के गठन पर की गयी चर्चा



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर स्थित कंजिया में रविवार को मजलिसे सूरा की एक महत्वपूर्ण बैठक उप प्रमुख अमानत अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड स्तरीय कमेटी के गठन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का चुनाव, मुस्लिमों को प्रखंड स्तर पर एकजुट करने, शादी विवाह में दहेज पर पाबंदी लगाने, मुसलमानों की गिरती आर्थिक स्थिति में सुधार जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मौके पर समाजसेवी मुस्लिम अंसारी, इमरान अंसारी, शमीम अख्तर, तबारक खान, नसीम अंसारी, हुसैन अंसारी, अनवर अंसारी, फारुक खान, जमील अख्तर, जमाल अंसारी, इश्तियाक अंसारी, रशीद अंसारी, आजाद अंसारी मोहम्मद, आलमगीर, हातिम अंसारी, मोहम्मद खालिद, शाहिद अंसारी, सफीक अंसारी, हिलालूल इस्लाम, नियामत अंसारी, एहसान अंसारी, मंजूर अंसारी, हसमुद्दीन अंसारी, सलाम अंसारी, इसाक अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**बड़ी सफलता : लैंडमाइंस लगाने और गाड़ी जलाने में थे शामिल, पुलिस को लंबे समय से थी दोनों की तलाश**

# लेवी के पांच लाख रुपये के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** पुलिस ने लेवी वसूल कर जोनल कमांडर नितेश यादव तक पांच लाख रुपए पहुंचाने जा रहे दो माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लेवी के पांच लाख रुपए भी जब्त किए गए हैं। छतरपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नक्सलियों के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान गोठा गांव के महुदंड मोड़ के पास संदेह के आधार पर एक बाइक को रोका। जिस पर सवार राजकेश्वर यादव उर्फ बिनोद यादव और हरिहर यादव की तलाशी ली गई। इस क्रम में माओवादियों द्वारा लेवी की उगाही किया हुआ पांच लाख रुपए और नक्सली पर्चा बरामद हुआ। माओवादी राजकेश्वर छतरपुर थाना क्षेत्र के खेंद्रा खूर्द और हरिहर हुसैनाबाद के गोरियाथान गांव के रहने वाला हैं। छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि लेवी की राशि क्रशर, माइंस, ईट भट्ठा मालिक, ट्रांसपोर्टर से वसूला गया है। जोनल कमांडर नितेश यादव उर्फ इरफान लेवी की वसूली हरिहर यादव से करा रहा था। नितेश के ही कहने पर राजकेश्वर इस लेवी के पैसे को हरिहर यादव से लेकर नितेश तक पहुंचाने के लिए जा रहा था। पूछताछ में हरिहर यादव ने बताया कि कुछ माह पहले माओवादी संजय गोदराम के साथ मिलकर पीपरा थाना क्षेत्र झरना गांव में पुलिस के आने जाने वाले रास्ते पर लैंड माइंस लगाया था। इसका उद्देश्य पुलिस को क्षति पहुंचाने के साथ ही हथियार लूटना था। दो केन बम और सिलेंडर बम लगाया गया था लेकिन पुलिस ने इसे सर्च अभियान में बरामद कर लिया था।



पकड़े गए नक्सलियों की जानकारी छतरपुर के एसडीपीओ अजय कुमार व अन्य।

### 10 दिन पहले छतरपुर में जलाया था वाहन

10 दिन पहले छतरपुर थानान्तर्गत हरदिया घाटी में सड़क निर्माण कम्पनी की गाड़ियों में माओवादियों ने आगजनी किया था।इस घटना में माओवादी नितेश, संजय गोदराम, सीताराम रजवार उर्फ रमण, राजेन्द्र के साथ गिरफ्तार दोनों नक्सली बिनोद यादव और हरिहर यादव भी शामिल थे। हरिहर यादव आर्म्स एक्ट के मामले में वर्ष 2015 में हुसैनाबाद से जेल जा चुका है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एसडीओ से मिला पूर्व सैनिक सेवा परिषद का शिष्टमंडल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई के एक शिष्टमंडल ने रविवार को एसडीओ से मुलाकात की। इस दौरान हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण को परिषद की ओर से जारी सामाजिक कार्यो की जानकारी दी गयी। पूर्व सैनिकों ने परिषद के लिये स्थानीय स्तर पर स्थायी कार्यालय की मांग की। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस क्षेत्र के रिटायर पारा मिलेट्रि, शिक्षक, सीआरपीएफ, रेलवे और वन आदि विभागों में अवकाशप्राप्त होने के बाद परिषद पेंशन संबंधित समस्या को हल करा रही है। अब इससे संबंधित दर्जनों पेंशनधारियों की समस्याओं का समाधान कराया गया है। अनुमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने हुसैनाबाद इकाई के सभी पूर्व सैनिकों की सूची देते हुए कहा कि काफी संख्या में पेंशनर इस कार्यालय से जुड़े हुए हैं। हम सब मिलकर समस्या का निदान करते आ रहे है। इस पर एसडीओ ने पूर्व सैनिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि हर संभव सहयोग की जाएगी। इस मौके पर सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, प्रसाद सिंह, सूबेदार दिलीप मेहता, सूबेदार सुमेर सिंह, असर्फी पाल, यदुनंदन ठाकुर और हवलदार गौरीशंकर ठाकुर आदि मौजूद थे।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की किसानों को अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूरा झारखंड सुखाड़ की चपेट में है। विगत दो वर्षों से लगातार सुखाड़ होने से किसान की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। बारिश नहीं होने से किसान का 70 फीसदी खेत खाली पड़ा हुआ है। क्षेत्र के किसान भीषण आर्थिक त्रासदी से गुजर रहे हैं। वहीं, अब रवि मौसम के लिए खेती करने का उपयुक्त समय आ गया है। अकाल व सुखाड़ की समस्या से जूझ रहे किसान रवि फसल के लिए खाद्य, बीज जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी काफी परेशान हैं। उन्होंने किसानों की समस्याओं को देखते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मांग की कि रवि फसल के लिए कुर्थी, सरसो, तीसी, चना, मसूर, गेहूं, मटर, मक्का का बीज आवश्यतानुसार किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाए।

## क्रशर प्लांटों की बिजली काट कर किसानों को उपलब्ध करायी जाये : विधायक कमलेश सिंह

- बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर विधायक ने चेयरमैन से की वार्ता
- किसानों को 20 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह आदि सक्रियता से जुटे हैं। विधायक ने झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (संचरण) के प्रबंध निदेशक के-के वर्मा व झारखंड राज्य ऊर्जा निगम लिमिटेड (वितरण) के प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार से बात कर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब हुसैनाबाद-हरिहरगंज की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर बिजली की मांग और आपूर्ति में आए असंतुलन का खामियाजा संपूर्ण झारखंड को भुगतना पड़ रहा है। इसी वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार हो जाने का आश्वासन दिया है। वहीं, विधायक ने बताया कि बिजली और अकाल की समस्या से निबटने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। बिजली में तत्काल सुधार कराने की मांग विभागीय वरीय अधिकारियों से कर रहे हैं। कहा कि वर्षा नहीं होने से किसान निराश हैं। किसानों ने धान की कुछ रोपनी मोटर पंप से किया था। पर बिजली के अभाव में वह भी सूख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पहले किसानों को बिजली उपलब्ध कराएं। अधिक होने पर ही क्रशर या अन्य प्लांटों को बिजली दें। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री व जिले के डीसी से मजदूरों को रोजगार की व्यवस्था कराने की मांग की है। कहा कि लगातार दो वर्ष से अकाल की मार ने किसानों और मजदूरों को तोड़ दिया है। विधायक ने कहा कि वह जानता की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं। ईमानदारी से किया जा रहा प्रयास रंग लायेगा। हुसैनाबाद की समस्याओं का सरकार को समाधान करना होगा।



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पलामू जिले को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में ऋषि पांडेय ने कहा है कि बारिश नही होने के कारण पलामू जिला में धान की रोपनी पांच प्रतिशत भी नहीं हुई है। भदई फसल पहले ही पूरी तरह नष्ट हो चुका है। जिस कारण यहां के किसानों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो चुकी है। इसका असर कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों पर भी पड़ा है। रोजगार की तलाश में यहां के छोटे किसान व मजदूर अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। इसलिए पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करते हुए तत्काल राहत कार्य चलाया जाए।




## एशिया कप 2023 के शेड्यूल में हो सकता है बदलाव

# कोलंबो से छिन सकती है फाइनल सहित सभी मैचों की मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एशिया कप का आयोजन इस बार पाकिस्तान और श्रीलंका में हो रहा है। हाइब्रिड मॉडल के तहत खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। दरअसल, एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) कोलंबो से फाइनल सहित वहां होने वाले सारे मैचों की मेजबानी वापस ले सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वहां होने वाले मैचों को दांबुला या कैंडी में मैचों को शिफ्ट किया जा सकता है। कोलंबो में सुपर-4 के अलावा फाइनल मैच होने हैं। दरअसल, कोलंबो में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। कैंडी में भी बारिश के कारण भारत और पाकिस्तान का मैच रद्द हो गया था। अब भारत और नेपाल के मैच पर भी बारिश का साया है। मौसम विभाग के मुताबिक, कोलंबो में आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना है। ऐसे में वहां मैच पूरे नहीं हो पाएंगे। इस कारण एसीसी बड़े फैसले पर विचार कर रहा है।




### कोलंबो में होने हैं छह मैच

एशिया कप के 13 में से चार मैचों की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। वहीं, नौ मैचों की मेजबानी श्रीलंका को मिली है। वहां बारिश ने पहले ही एक मैच को बर्बाद कर दिया है। अगर टूर्नामेंट में ज्यादातर मैच बारिश की भेंट चढ़ गए तो क्रिकेट फैंस को रोमांच देखने को नहीं मिलेगा और एसीसी को टूर्नामेंट में मुनाफा नहीं होगा। अब तक ग्रुप राउंड में तीन मुकाबले खेले जा चुके हैं। ग्रुप राउंड में कोई मुकाबला कोलंबो में नहीं होना है। वहां फाइनल सहित छह मुकाबले होने हैं।

### भारत-पाकिस्तान मैच में क्या हुआ?

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम इंडिया 50 ओवर भी नहीं खेल पाई। वह 48.5 ओवर में 266 रन पर सिमट गई। इसके बाद पाकिस्तान की पारी बारिश के कारण शुरू नहीं हो पाई। अंपायरों ने काफी देर इंतजार करने के बाद दोनों कप्तानों से बात की और मैच को रद्द घोषित कर दिया। हार्दिक पांड्या (87) और ईशान किशन (82) के बीच पांचवें विकेट पर 138 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से भारत ने एशिया कप मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान को 267 रन की चुनौती दी। शाहीन शाह आफरीदी की अगुवाई में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने सभी दस विकेट अपने नाम किए। शाहीन ने 35 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा हारिस रउफ और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिए।

### सांसद आदर्श गांव भंडार में ग्राम सभा आयोजित कर की कई योजनाएं चिह्नित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के सांसद आदर्श गांव भंडार में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा संचालित कई योजनाओं को चिन्हित किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने कई समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। जिसे विभाग द्वारा चिन्हित करते हुए सूची तैयार को किया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश माझी, भूमी संरक्षण पदाधिकरी श्याम मुरारी बिंद, प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी, अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ विक्रम आनंद, जिला पार्षद विजय रविदास,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, सहायक तकनीकी प्रबंधक शशि रंजन, प्रखंड सह अंचल कर्मी, जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# व्यावसायिक क्षेत्र में बहनों का प्रवेश करना है शुभ संकेत : अरुणा शंकर

## सबसे बड़ा रोग, क्या कहेंगे लोग : रेणु पाणिकर





### जिसमें पैशन, वही काम करें : संध्या जायसवाल

शहर की चर्चित आरएस रेशम बुटीक जो शिवाय ब्लू होटल के नीचे तल्ले में संचालित है कि संचालिका संध्या जयसवाल ने बताया कि महिलाओं में वह हर क्षमता है जो कुशल व्यवसाई में होनी चाहिए। मैं भी काम शुरू करने से पहले डरी थी, लेकिन आज कुशलतापूर्वक संचालन कर रही। वहीं, शर्मिला सूमी ने कहा कि आज पलामू चेंबर की महिला विंग की ओर से आयोजित सॉगोष्ठी में इतनी संख्या में आई महिलाएं अपनी आस्था बता रही। चेंबर का भी प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को व्यवसाय करने में या कुटीर उद्योग लगाने में उनके सहयोगी बने।

### पलामू की महिलाओं में साहस : आस्था किरण

झारखंड चेंबर से आई पेशे से ड्रेस डिजाइनर आस्था किरण ने कहा कि आज मुझे महसूस हुआ पलामू में उद्योग के लिए सबसे बड़ी जो चीज की आवश्यकता होती है वह है साहस जो यहां के महिलाओं में कूट-कूट कर भरा है। अगर इन्हें दिशा दी जाए तो पलामू झारखंड का नंबर वन जिला महिला उद्यमियों का बन सकता है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर की महिला विंग की ओर से रविवार को होटल ज्योतिलोक सभागार में उद्यमी विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रथम महापौर अरुणा शंकर, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला सूमी, रांची से आई मुख्य वक्ता आस्था किरण, मोटिवेटर रेणु गोपीनाथ पाणिकर, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, नवल तुलसियान, कृष्ण अग्रवाल, उद्यमी संध्या जायसवाल, पिंकी वर्मा और सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने सामूहिक रूप से किया। प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं अब जागरूक हो चुकी है। अब हमारी बहनें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही। खुद नौकरी करने की जगह अपना व्यवसाय करने की ओर से अग्रसर है जो देश की इकोनॉमि के लिए शुभ संकेत है। प्रथम महापौर ने कहा कि कोरोना काल में जब हमारा बुरा दौर चल रहा था उस वक्त कई परिवार को महिलाएं अपने पास चोरी छिपे संचित पैसे से पूरे परिवार को संभाला। हमारे शहर एवं गांव की भी महिलाएं अब जागरूक हो चुकी है, तभी इतनी संख्या में चेंबर द्वारा आयोजित व्यावसायिक संगोष्ठी में भाग लेने आई है। मैं सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला विंग की सचिव प्रियंका सिंघानिया, कृष्ण अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान इंद्रजीत सिंह डिंपल आदि ने भी अपने-अपनेविचार रखे। वहीं, चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, प्रियंका सिंघानिया व अन्य सदस्यों को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कहा कि आज महिला विंग की ओर से झारखंड चेंबर से आई आस्था किरण एवं रेणु गोपीनाथ पाणिकर को आमंत्रित कर महिलाओं को कैसे व्यापार करें इसकी जानकारी दिलाना एक शुभ संकेत है। अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि महिला समूह का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें विशेषज्ञ रखे जाएंगे। किसी भी महिला को कोई भी जानकारी व्यवसाय संबंधित लेनी हो तो ग्रुप में डालें जानकारी मिलेगी और सहयोग भी मिलेगा। यह भी कहा कि वे डीसी से बात करेंगें कि जितने भी मॉल डाल्टनगंज में खुल रहे उसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री अवश्य रखने का स्टॉल बनाया जाए।

वहीं, मोटीवेटर रेणु पानीकर ने कहा कि हम बहनों का सबसे बड़ा रोग यह है लोग क्या कहेंगे। मैं बहनों से कहना चाहूंगी कि कौन क्या रहेगा यह मत सोचिए। आपको क्या करना है उस दिशा में सोचिए। आपकी सफलता सभी के लिए जवाब होगा।

### डर के आगे जीत है : पिंकी

महिला उद्यमी पिंकी वर्मा ने कहा कि वो वर्षों से कार्य कर रही हैं। हर बार कुछ सीखने को मिला। अब डर से निकल चूकि हूं और सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रही। बहनों से भी कहूंगी कि आप भी आगे आए। डरे नहीं कि कौन क्या कहेगा, क्योंकि डर से आगे जीत है।

## जाली नोट के कारोबार से जुड़े चार तस्कर गिरफ्तार

- बरामद किए गए 500 रुपये के 58 जाली नोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने शहर थानाक्षेत्र से जाली नोट बरामद किया है। पांच सौ रुपए के जाली नोट बरामदगी के मामले में चार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें मोहम्मदगंज के रहने वाले विमलेश कुमार (38), संदीप कुमार पासवान (38), शहर के कांदू मुहल्ला निवासी राजू रंजन उर्फ मुकेश दुबे(35) और बिजली ऑफिस के पास का रामनरेश सिंह( 55) शामिल हैं। शहर थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि जाली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह के सदस्य शहर में जुटने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम गठित की गई। रेलवे स्टेशन रोड में ओवरब्रिज के नीचे से चारों अपराधी जाली नोट का लेन देन करते हुए पकड़े गए। इनके पास से 29 हजार रुपए जाली नोट बरामद हुआ। 500 के मिले 58 नोटों की जांच पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कचहरी ब्रांच में जांच कराई। सभी नोट को बैंक ने जाली बताया। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया है कि पलामू में जाली नोट का कारोबार अंतराज्र्जीय स्तर पर हो रहा है। जिसके तार पश्चिम बंगाल और बिहार से जुड़े हैं। बंगाल के मालदा से नोट मंगाया जाता है। 50 हजार रुपए में एक लाख मूल्य का नोट तस्कर उपलब्ध कराते हैं। इसे बिहार भी भेजा जाता है। अब तक जिले में कहां और कितना जाली नोट खपाया गया है इसकी जानकारी ली गई है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराधियों से मिली जानकारी पर पुलिस की जांच जारी है।



## अवैध घोषित 512 पारा शिक्षकों को वैध करे सरकार, नहीं तो तो करेंगे आंदोलन

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को अवैध सहायक शिक्षक कोर कमेटी नौडीहा बाजार, छतरपुर कहे जाने वाले पारा शिक्षकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एकीकृत मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा और संचालन सचिव बैजनाथ ने किया। बैठक में कोर कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा किहमें संगठित रहना है। सरकार द्वारा मनमानी तरीके से जो हम लोग 17 सालों से काम करते रहने के बावजूद अवैध घोषित किया है जो सरासर गलत है। सड़क से न्यायालय तक लड़ाई लड़कर अपनी वैधता हम साबित करेंगे। वहीं, सचिव बैजनाथ ने कहा कि हमें संगठित रहना है। एक मंच के रूप में नौडीहा और छतरपुर एकीकृत रहेंगे और मिलकर हम लोग लड़ेंगे। इसी क्रम में अष्टमंडल के सक्रिय सदस्य सिंटू कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह पूर्व की रघुवर दास सरकार को हमने सत्ता से बाहर किया है। अगर वर्तमान सरकार ने 512 पारा शिक्षकों को अवैध से वैध की श्रेणी में घोषित नहीं किया तो चरणबंद आंदोलन करेंगें।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 04 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
11

**नाराजगी :** आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, कई वाहनों में की तोड़फोड़

# हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत, एक घायल

श्राद्धकर्म में खाना पकाकर घर लौटने के क्रम में हादसा

कागजी कार्रवाई के बाद एक लाख मुआवजे का आश्वासन



सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोगों की समझाती पुलिस।



लोगों के प्रदर्शन से लगी वाहनों की कतार।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग पर ट्रकों के बेलगाम रफ्तार से आए दिन बाइक सवार और पैदल यात्री अपनी जान गंवा रहे हैं। रविवार की सुबह एक बार प्रत्यक्ष उदारहण देखने को मिला। पेटरवार थाना क्षेत्र के उक्त मार्ग पर पिछरी स्थित टाटा एनरआर वर्कशॉप के समीप तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान जीता मांझी (35) के रूप में हुई है। इसी हादसे में उसका दोस्त जीवन डे गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक जीता मांझी इस दिन अपने साथी दीवन के साथ बाइक से पचौरा जा रहे था। दोनों पिछरी श्राद्धकर्म में खाना बनाने का काम करने गये थे। वहां से वापस लौटने के क्रम में हाइवा की चपेट में आ गये। जिससे जीता मांझी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि उसका साथी जीवन डे गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, हादसे के बाद चालक ने हाइवा लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा। स्थानीय लोगों ने हाइवा को रोक कर सड़क जाम कर दिया। यही नहीं, आक्रोशित लोगों ने कई गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिये। विदित हो कि फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग के उक्त स्थान पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। कई लोगों अब तक जान गवां चुके हैं। उधर, लोगों द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना मिलते ही बेरमो और पेटरवार पुलिस मौके पर प हुंच गई। खबर पाकर पेटरवार के सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को समाप्त करवाया। वहीं, घटना के बाद पेटरवार पुलिस ने हाइवा पर मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। साथ ही मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के परिजनों को सरकारी लाभ के तहत एक लाख रुपए दिया जाएगा।

# बासदेवपुर में कचरा डंप करने के खिलाफ दूसरे दिन भी धरना जारी

## कचरा फेंकने नहीं पहुंचा निगम का एक भी वाहन



कचरा डंपिंग के विरोध में धरना पर बैठी महिलाएं व स्थानीय युवा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** बासदेवपुर में कचरा गिराने के खिलाफ एकड़ा के ग्रामीणों का धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी है। इस दिन कचरा फेंकने कोई वाहन नहीं पहुंचा। पुल के पास खड़ा कचरा वाहन को निगम ने हटा लिया है। कोल डंप के पास कुछ महिलाएं और युवा धरने पर बैठे हैं। धरना पर बैठी अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के रूपा देवी और लीलू देवी ने कहा कि कचरा गिराने के विरोध में तब तक अनिश्चितकालिन धरना जारी रहेगा जब तक जिला प्रशासन द्वारा यह आश्वासन नहीं दिया जाता है कि अब यहां पर कचरा नहीं गिराया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध के कारण शनिवार से यहां पर कचरा डंपिंग बंद है। मालूम हो कि 25 अगस्त को कचरा का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया था। धरना पर बैठी दोनों महिलाओं पर मामला दर्ज भी किया गया है। अजय रवानी, केदार पासवान, रूपा देवी, लीलू देवी, सुजीत केवट, गोविंद पासवान, चिंटू रवानी, मनोज पासवान, सुरेश केवट, रंजीत पासवान और पोलाई सिंह आदि ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

# चिरकुंडा नप में अधिकारियों ने अपना रवैया नहीं सुधारा, तो करेंगे भूख हड़ताल: युवा राजद



आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। चिरकुंडा नगर परिषद के अधिकारियों ने ढुलमुल रवैया नहीं सुधारा तो युवा राष्ट्रीय जनता दल चिरकुंडा नगर पारिषद के गेट के समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने को मजबूर होगा। उक्त बातें युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा ने कही। वे रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमेशा से चिरकुंडा नगर परिषद में युवा राजद की ओर से व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया जाता रहा है। हमेशा नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में विकास करने का लिखित आश्वासन दिया जाता है लेकिन क्षेत्र में अभी तक एक भी काम धरातल पर नहीं उतरा है। नगर परिषद क्षेत्र की जनता पानी, बिजली, सफाई, सौंदर्यीकरण, शौचालय, स्वास्थ्य, सड़क, फॉगिंग मशीन, सफाई मशीन, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा, श्मशान घाट पर उचित लकड़ी की व्यवस्था, शहीद चौक पर लगे लाइट को चालू करना, दोनों फाउंटेन को सुचारू रूप से चालू करना, पार्क को सुचारु रुप से चालू करना आदि योजनाओं को धरातल पर देखना चाहती हैं। इसके अलावे चिरकुंडा शहीद चौक से चिरकुंडा थाना तक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर भी नगर पारिषद नजर अंदाज कर रहा है। पूर्व में परिषद के अधिकारियों द्वारा 10 दिन का समय मांगा गया था। पर लगातार सिर्फ झूठा आश्वासन दिए जाने से एक बार उन सभी अधूरे कामों को पूरा करने की मांग को लेकर सोमवार को परिषद कार्यालय को पत्र देकर आखिरी बार तीन दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर देंगे।

## भाजपा नेता मनीष कुमार की चाची का हुआ निधन, कई लोगों ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा नेता मनीष कुमार की चाची का रविवार को पैतृक गांव चोरटिया में निधन हो गयी। उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। यहां उल्लेखनीय है कि बघमनवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता मनीष कुमार की चाची का निधन पैतृक गांव चोरटिया में हो गयी थी। वो पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। रविवार को ही उनका अंतिम संस्कार चोरटिया गांव के श्मशान घाट पर कर दिया गया। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, वरीय भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, मुखिया मंजू देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, ओबीसो मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मैर्या, उपेंद्र तिवारी, रामप्यारी यादव सहित कई लोग शामिल हैं।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ माकपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देशव्यापी अभियान के तहत रविवार को माकपा की ओर से एकड़ा हरिजन बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच पर्चा वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व माकपा नेता मानस चटर्जी ने किया। अभियान के तहत एकड़ा हरिजन बस्ती में घर-घर जाकर बताया गया कि देश में कमरतोड़ मंहगाई और बढ़ती बेरोजगारी ने आमलोगों की परेशानी काफी बढ़ा दी है। चावल, दाल, आटा, खाना पकाने का तेल, सब्जियां, यहां तक कि जान बचाने वाली दवाइयां तक मंहगी हो गई है। डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने से परिवहन खर्च बढ़ गया है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीति का विरोध करते हुए मंहगाई और बेरोजगारी दूर करने की मांग की है। इस मौके पर मानस कुमार चटर्जी, सद्दाम अंसारी, चंदू रविदास, राजेंद्र रविदास, हरि रविदास, बाल किसून पासवान, जगदीश रविदास, राहुल रविदास, सुरेश रविदास और छोटूभर नारायण आदि शामिल थे।

# स्वच्छ वायु सप्ताह के पहले दिन झरिया में चला घर-घर जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** धनबाद नगर निगम की सहयोगी संस्था असर की पहल पर ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कांसेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को झरिया में अंतराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस को लेकर सप्ताहव्यापी जागरूकता अभियान की शुरूआत घर-घर जागरूकता अभियान से की गई। इसके तहत लोगों को वायु की गुणवत्ता एवं प्रदूषण से हो रहे नुकसान की जानकारी दी गई। संस्था के लोग काले फेफड़े का मॉडल दिखाकर दूषित प्राणवायु के प्रभाव को बता रहे थे। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने बताया कि वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए हमें हवा में धूल कण की मात्रा को कम करना होगा। इसके लिए कोयला कंपनी, अधिकारी, प्रतिनिधि व आम नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। धूल युक्त सड़कों पर पानी का छिड़काव जरूरी है। डॉ मनोज ने कहा कि अपने आस पास कूड़ा कचड़ा जमा न होने दें , इससे विषैली गैस का उत्सर्जन होता है। युथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हवा को स्वच्छ रख सकते हैं। अखलाक ने कहा कि हमें स्वच्छ प्राणवायु का अपने अधिकार के लिए जागरूक होना होगा। इस मौके फारूक शेख, मो अमन, सलमान दानिस, असद आलम, रवि चौधरी, वीरेंद्र चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आउटसोर्सिंग कंपनी खेमका करियर्स की शिकायत लेकर मंत्री से मिले झामुमो नेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** बरोरा ब्लॉक दो में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी खेमका करियर्स की हठ धर्मिता की शिकायत लेकर झामुमो बाघमारा प्रखंड के वरीय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने मंत्री चंपई सोरेन से धनबाद सर्किट हाउस में जाकर मुलाकात की और वहां के ग्रामीण, नौजवानों की समस्या और विस्थापन की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री चंपई सोरेन ने हरेंद्र की बातों को गंभीरता से सुना। हरेंद्र ने बताया कि मंत्री जी ने कहा कि झारखंड में चलने वाली कंपनियां चाहे आउटसोर्सिंग हो या ट्रांसपोर्टिंग सरकार की गाइड लाइन से ही चलेगी। उन्हें बात माननी पड़ेगी। गौरतलब हो कि हरेंद्र चौहान के नेतृत्व में ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले बरोरा ब्लॉक दो में खेमका करियर्स कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को नजर अंदाज करने के खिलाफ 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर धरना पर बैठे हुए हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों की मुद्दे को लेकर बाघमारा प्रखंड अंचल कार्यालय में सीओ के समक्ष कंपनी के साथ ग्रामीणों की वार्ता भी हुई थी जो विफल रही।

# राधा-कृष्ण बने बच्चों ने मन मोहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हीरापुर दुर्गा मंदिर के समीप अमन डांस अकादमी, द रिदम और डी-3 के सौजन्य से रविवार को जन्माष्टमी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कृष्ण और राधा रूप, पेंटिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने कृष्ण और राधा बनकर लोगों का मन मोह लिया। प्रतिभागियों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में भगवान कृष्ण और राधा की पेंटिंग बनाई गयी। डांस प्रतियोगिता में बच्चो ने नृत्य की प्रस्तुति दी। तीन साल से लेकर 30 साल तक के 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में विशाल कुमार, डांस में अनिता गुप्ता, बाल कृष्ण रूप प्रतियोगिता में आदित्य और अर्चना आलोक गोस्वामी निर्णायक मंडली में रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमन डांस के डायरेक्टर अमन गुप्ता, द रिदम के डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह, डी-3 के डायरेक्टर शनि कुमार श्रीवास्तव, पूर्णिमा रॉय, अंशिका ठाकुर, किरण कुमार, काजल गुप्ता, निधि पाल, प्रेम लता, प्रयास पल्लव, सुष्मिता ने अपनी भूमिका निभाई।

## नवंबर में होने वाले भागवत कथा यज्ञ को लेकर परशुराम सेना ने की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** परमपूज्य श्री देवकिनदंन ठाकुर जी महाराज के सात दिवसीय भागवत कथा की सफलता को लेकर 10 सितंबर को हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में सनातनी समाज के साथ राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की ओर से बैठक की जाएगी। उक्त निर्णय रविवार को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की बैठक में लिया गया। रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी और संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय व प्रदेश प्रवक्ता रवि शर्मा ने किया। गौरतलब है कि आगामी 21 से 28 नवंबर तक राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी द्वारा अंतराष्ट्रीय भागवत कथा वाचक श्री देवकिनदंन ठाकुर जी महाराज की ओर से भागवत कथा का अमृत वर्षा प्रस्तावित है। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अगले रविवार को सुबह 10.30 बजे से सर्वसमाज के साथ बैठक किया जाएगा। जिसमें भागवत कथा को भव्य बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में युवा वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा, प्रदेश संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, छोटन उपाध्याय, संतोष शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, प्रवीण पाठक, प्रदेश मिडिया प्रभारी आशीष अदंभ, गोरख पाठक, मनु प्रसाद तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, बृजेश शुक्ला, राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, राजशेखर दिवेदी, अजय शुक्ला, सुनील पाण्डेय (लल्लू), पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन तिवारी, पलामू प्रभारी मनीष तिवारी, पलामू जिलाध्यक्ष विकास दूबे, रघुवीर पाण्डेय, प्रदीप दूबे, दिलीप त्रिपाठी, बबलू ओझा, मुकेश तिवारी, सुधांशु पाण्डेय, आरके चंदन, मनीष तिवारी, प्रभात दूबे, अमीत तिवारी, परितोष पाण्डेय, मनोज ज्वाला, सुधाकर दूबे, राधाकृष्ण दूबे, दिलीप तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, राकेश तिवारी लडडू, विक्कू शुक्ला, दिलीप पाठक आगि उपस्थित थे।

दुर्घटना में घायल पत्रकार के निधन के बाद एक्शन में आया कतरास प्रेस क्लब व ग्रामीण पत्रकार संघ

# दिवंगत पत्रकार के परिजन को मिला सात लाख का मुआवजा

लिलौरी मंदिर में हुआ अंतिम संस्कार, नम आंखों से साथी पत्रकारों ने दी विदाई



मृत पत्रकार के परिजन को मुआवजा राशि का चेक प्रदान करता वाहन मालिक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** सड़क दुर्घटना में घायल वरीय पत्रकार विमल चक्रवर्ती का इलाज के दौरान शनिवार को निधन हो गया। इसके बाद रविवार को कतरास प्रेस क्लब एवं ग्रामीण पत्रकार संघ के पत्रकार साथी सलानपुर स्थित उनके पैतृक घर पहुंचे, जहां धक्का मारने वाले गाड़ी के मालिक को बुलाया गया। काफी लंबी बातचीत के बाद मृतक विमल चक्रवर्ती के परिजन को सात लाख रुपया देने पर सहमति बनी। हालांकि मामले में क्लब के संरक्षण उमेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान एवं कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे के तल्ख तेवर के बाद गाड़ी मालिक ने सम्मान जनक सहयोग राशि देने पर सहमति जताया। इसके बाद मृतक की पत्नी को तत्काल 50 हजार रुपये नगद एवं छह लाख 50 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। जिसके बाद विमल चक्रवर्ती के पार्थिव शरीर को लिलौरी मंदिर (मुक्ति धाम) में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। इस मौके पर कतरास प्रेस क्लब के संरक्षण उमेश श्रीवास्तव, मुस्तकीम अंसारी, अजय राणा, ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष ऐहसान फैज, प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे, महा सचिव विनोद रंजक, सचिन अजय तिवारी, उपाध्याय मो अब्दुल हमीद अंसारी, विनय वर्मा, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, मुन्ना यादव, रोशन जमील, कामदेव सिंह, अविनाश मिश्रा, राजा खान, निवेक पांडेय, संतोष दे, अमरेंद्र झा, शेखर खां, रमेश सिंह, मुन्ना सिंह के अलावे समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इकबाल, उमेश ऋषि, पंकज सिन्हा, बबलू बनर्जी, निमाई मुखर्जी, अमित राय, अरविंद सिन्हा, सकलदेव प्रमाणिक जयदेव बनर्जी आदि मौजूद थे।

# प्रचार के अंतिम दिन पदयात्रा कर आजसू ने किया शक्ति प्रदर्शन



**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में पांच सितंबर को मतदान होना है। प्रचार के अंतिम दिन रविवार को नावाडीह में आजसू ने पूरी तागत झोंकी। एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी के समर्थन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने पदयात्रा की। यशोदा देवी की पक्ष में जिस प्रकार की पदयात्रा में जनसैलाब उमड़ा, लोगों में इसबार परिवर्तन की हुंकार देखी गई। हजारों की संख्या में आजसू के प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए यशोदा देवी के पक्ष में समर्थन देने का अनुरोध किया। इसकी शुरूआत काटघारा मोड़ से प्रारंभ हुआ जो नावाडीह ब्लॉक मोड़ होते हुए गोबरगढा फुटबॉल ग्राउंड पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर तिवारी महतो, सुदर्शन भगत, फुलचंद किस्कू, जयलाल महतो, मोहन महतो, सुरेश महतो, बॉबी पटेल आदि उपस्थित थे।

## न्यूज रील्स

### बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों को उल्टा लटका कर पीटा

हैदराबाद। तेलंगाना के मंदामरी शहर में दो युवकों को बकरी चुराने के आरोप में उल्टा लटका कर पीटा गया। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ितों के नीचे लकड़ियां जलाकर धुंआ कर दिया, जिससे पिट रहे युवकों को सांस लेने में परेशानी हो। पीड़ितों की पहचान तेजा और उसके दोस्त सी किरण के रूप में हुई है। सी किरण दलित समुदाय से है। वहीं, आरोपी का नाम रामुलु है, जो एक बकरी फार्म चलाता है। तेजा रामुलु के फार्म में काम करता था। कुछ दिनों पहले फार्म से एक बकरी चोरी हो गयी थी। फार्म मालिक तेजा से पैसे मांग रहा था।

### दिल्ली में नाबालिग ने ट्यूशन टीचर का गला काटा

नयी दिल्ली। दिल्ली के बाटला हाउस में यौन शोषण से परेशान 14 साल के लड़के ने ट्यूशन टीचर की हत्या कर दी। घटना 30 अगस्त की है, लेकिन पुलिस रविवार को नाबालिग तक पहुंच सकी। पुलिस का कहना है कि मरने वाला मोहम्मद वसीम नाम का शख्स नाबालिग का लगातार यौन शोषण कर रहा था। उसने शोषण का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। 30 अगस्त को भी उसने जामिया नगर में अपने फ्लैट पर नाबालिग को बुलाया था, लेकिन लड़के ने पेपर कटर से वसीम का गला काट दिया।

# सीएम नवीन पटनायक ने 190 नये पुलिस वाहन को दिखायी हरी झंडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 190 नये पुलिस वाहन जनता की सेवा में समर्पित किये हैं. उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इस वाहन के संचलन की शुरूआत की है। यह राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पुलिस अधिकारी को कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। वर्ष 2023-24 में अब राज्य पुलिस में विभिन्न श्रेणियों के कुल 224 वाहनों का प्राप्त किया है। इसके लिए कुल 33 करोड़ रुपये



आवंटित किये गये हैं और शेष 34 वाहनों को जल्द ही पुलिस विभाग को सौंप दिया जायेगा। ओड़िशा खनन निगम लिमिटेड ने राज्य भर में खनिजों के अवैध खनन की समस्या पर अंकुश लगाने और गश्त में तेजी लाने के लिए खनन क्षेत्रों में पुलिस स्टेशनों को मजबूत करने के लिए 44 वाहन उपलब्ध कराया गया हैं। पुलिस वाहनों में इस वृद्धि से जन साधारण सुरक्षा में सुधार होगा। यह आपात स्थिति के दौरान त्वरित कार्रवाई करने, न्याय प्रदान करने, अपराधों को सुलझाने और ओडिशा के नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशन और मार्गदर्शन में राज्य पुलिस ने अपने सभी अधिकारियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वीके पांडियन उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य के गृह मंत्री तुषारकांत बेहेरा, पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। संचालन पुलिस मुख्यालय के एडीजी आर शर्मा ने किया।

## वरिष्ठ पत्रकार दयानिधि दास बने ओड़िशा खाद्य आयोग के सदस्य



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के वरिष्ठ पत्रकार दयानिधि दास को राज्य सरकार ने ओडिशा खाद्य आयुक्त के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। नियुक्ति तीन साल के लिए है। राज्य सरकार ने दयानिधि के साथ चार अन्य लोगों को भी खाद्य आयुक्त का सदस्य नियुक्त किये है। इनमें संयुक्ता महांति, अक्षय कुमार बेहेरा, प्रियब्रत सामंतराय, प्रेमशिला केरकेटा शामिल हैं।



गिरिडीह के डुमरी विधानसभा में उपचुनाव को लेकर सुदेश महतो और पूर्व आइजी भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को विशाल मतों से विजयी बनाने को लेकर रोड शो किया और रैली निकाली।

# किस के 55 छात्रों ने जीते 'खेल प्रोत्साहन पुरस्कार'




## छात्रों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** इस वर्ष विभिन्न खेलों में किस के 55 छात्रों ने खेल प्रोत्साहन पुरस्कार जीते हैं। इस मौके पर किस के छात्रों ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने खिलाड़ियों से जुड़ने के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक हमेशा ओड़िशा में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहे हैं। यही कारण है कि आज ओड़िशा से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं। किट और किस के कई छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओड़िशा का नाम रोशन किया है। किस के खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहित करने के लिए हम किट और किस के परिवार मुख्यमंत्री को धन्यवाद और आभार व्यक्त करना चाहते हैं। प्रो अच्युत सामंत ने कहा कि खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सर्वाधिक राशि उपलब्ध कराने वाला ओड़िशा देश का एकमात्र राज्य है। उन्होंने छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हांसिल करने के लिए दृढ़ संकल्प और एकाग्रता के साथ खेल जारी रखने की सलाह दी।

गौरतलब है कि इस साल ओड़िशा से कुल 388 लोगों को खेल प्रोत्साहन दिया गया है, जबकि किस से 55 छात्र इसमें शामिल हैं। अकेले रगबी में 41 खिलाड़ियों ने खेल प्रोत्साहन जीता है। इसके अलावा, कीट और कीस के कई छात्रों को इस वर्ष राष्ट्रीय और एशियाई खेल प्रतियोगिताओं के लिए चुना गया है।









# जी-20 समिट की सुरक्षा करेगा 'नेत्र' एयरक्राफ्ट

## दिल्ली के एयर स्पेस की मॉनिटरिंग करेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट में 19 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आयेंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है। भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था, तब पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था।

दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जायेंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और एनएसजी स्नाइपर तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाये गये हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाये गये हैं। वहीं, आइटी एक्सपर्ट की टीम समिट के दौरान सोशल मीडिया पोस्ट, ट्रेंड्स पर नजर रखेगी।

# खड़गे ने कल बुलायी विपक्षी दलों की बैठक

## संसद के विशेष सत्र को लेकर बनेगी रणनीति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को अहम बैठक बुलायी है। बैठक में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के सांसदों को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। बैठक खड़गे ने राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर बुलायी है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया है। केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा के 261वां सत्र) में पांच बैठकें होंगी। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफ से ऐसे दावे किये गये हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है।















# भारत जोड़ो यात्रा की पहली एनिवर्सरी मनायेगी कांग्रेस

## पार्टी बोली : 7 सितंबर को देश के हर जिले में यात्रा निकाली जायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा हो रहा है। इस मौके पर कांग्रेस ने देश के हर जिले में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का ऐलान किया है। पार्टी ने इसके लिए कई जगहों पर आयोजन करने की भी योजना बनाई है।

राहुल गांधी ने पिछले साल 7 सितंबर को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 145 दिन तक चली 4000 किमी लंबी इस यात्रा का समापन 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हुआ था। सूत्रों ने कहा कि यात्रा कितनी लंबी होगी, इसकी रूपरेखा और अन्य जानकारी जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटियों को भेजी जाएगी।

श्रीनगर में यात्रा के समापन के मौके पर शेर ए कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में राहुल ने कहा था- मैंने यह यात्रा अपने लिए या कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि देश की जनता के लिए की है। हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को नष्ट करना चाहती है।

**राहुल ने 12 जनसभाओं को संबोधित किया था :** इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया था, वहीं 100 से ज्यादा बैठकें और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी हिस्सा लिया। उन्होंने चलते हुए 275 से ज्यादा चर्चाओं में हिस्सा लिया, जबकि कहीं रुक कर 100 के करीब चर्चाएं कीं।

**राहुल करेंगे गुजरात से मेघालय की पदयात्रा :** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने जानकारी दी थी कि राहुल गांधी गुजरात से मेघालय तक की पदयात्रा करेंगे। उन्होंने यात्रा की तारीख नहीं बतायी। इस दौरान पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के नेता एवं कार्यकर्ता राज्य में पदयात्रा निकालेंगे।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**